मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित
हिन्दी दैनिक
# उत्तरशक्ति
मुंबई
वर्षः 7 अंक 106
रविवार, 27 अक्टूबर 2024
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in
हर खबर निष्पक्षता के साथ

## अशांति फैलाने वालों के खिलाफ सख्त ममता बनर्जी, पुलिस को दिए कड़े निर्देश

कोलकता, 26 अक्टूबर। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने पुलिस से राज्य में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने दावा किया था कि कुछ बदमाश आगामी काली पूजा, दिवाली और छठ पूजा समारोहों के दौरान अशांति पैदा करने की योजना बना रहे हैं। हालाँकि उन्होंने इसमें शामिल लोगों की पहचान उजागर नहीं करने का फैसला किया, लेकिन उन्होंने खुफिया प्रयासों को मजबूत करने और विशेष कार्य बल (एसटीएफ) की मौजूदगी बढ़ाने के महत्व पर जोर दिया। बनर्जी ने कहा कि हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी उत्सव के माहौल का फायदा उठाकर अशांति पैदा न कर सके।

चक्रवात दाना से प्रभावित सात जिलों में स्थिति का आकलन करते हुए वरिष्ठ अधिकारियों से बात करते हुए उन्होंने सांप्रदायिक सद्भाव बनाए रखने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। उन्होंने कहा, ₹मैं बंगाल में सांप्रदायिक तनाव नहीं चाहती। पुलिस किसी भी उकसावेबाज के खिलाफ सख्त कार्रवाई करेगी, लेकिन मैं मीडिया से आग्रह करती हूं कि इसे सनसनीखेज न बनाएं। कृपया जनता को भड़काने से बचें।₹ ओडिशा और पश्चिम बंगाल दोनों राज्यों में शुक्रवार को तूफान के गुजर जाने के बाद



उड़ानें, रेलगाड़ियां और बस सेवाएं शीघ्र ही बहाल हो गईं, क्योंकि अधिकारी चक्रवात के कारण उत्पन्न व्यवधानों का आकलन करने और उन्हें दूर करने में लगे हुए थे। चक्रवात आधी रात के बाद धामरा और भीतरकनिका के बीच पहुंचा था।

बनर्जी ने बंगाल में चक्रवात दाना से संबंधित एक मौत की पुष्टि की और बताया कि लगभग 2.16 लाख लोगों को निचले इलाकों से निकाला गया है। स्थिति की निगरानी करने के लिए वहां रात बिताने के बाद, बनर्जी ने राज्य सचिवालय में एक समीक्षा बैठक की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि राहत सामग्री चक्रवात से प्रभावित सभी लोगों तक पहुंचे। बनर्जी ने कहा, इस प्राकृतिक आपदा में केवल एक व्यक्ति की मृत्यु हुई है।

वह व्यक्ति दक्षिण 24 परगना के पाथरप्रतिमा ब्लॉक में अपने निवास पर कुछ केबल से संबंधित काम करते समय मर गया। यह काफी दुर्भाग्यपूर्ण है। पोस्टमार्टम जांच से हमें स्पष्ट तस्वीर मिलेगी। यदि आवश्यक हुआ, तो हम (राज्य सरकार) परिवार की मदद करेंगे।

## वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग की संभावना बढ़ रही है : सीतारमण

नई दिल्ली, 26 अक्टूबर। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शुक्रवार को कहा कि पिछले कई साल से मुश्किल दौर का सामना कर रही वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग की संभावना बढ़ रही है।

अर्थव्यवस्था में साफ्ट लैंडिंग का तात्पर्य आर्थिक विकास के दौरान आने वाली ऐसी चक्रीय मंदी से है जो पूर्ण मंदी की स्थिति आए बिना समाप्त हो जाती है। वित्त मंत्री ने कहा कि विभिन्न देशों और बहुपक्षीय वित्तीय संस्थाओं के साथ मिलकर काम करने से अच्छे दिन आने वाले हैं, लेकिन उन्होंने साथ ही चेताया कि अर्थव्यवस्थाएं अभी उतनी तेजी से आगे नहीं बढ़ रही हैं।



सीतारमण ने वाशिंगटन-डीसी के एक ग्लोबल थिंक टैंक से कहा, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष और विश्व बैंक में दो दिवसीय वार्ता के दौरान यही संभावना नजर आई कि वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग होगी।

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष, केंद्रीय बैंकों और सभी संस्थानों एवं सरकारों के प्रयासों ने कुछ अवधि के लिए मुद्रास्फीति को कम बनाए रखा है इसलिए वैश्विक अर्थव्यवस्था की साफ्ट लैंडिंग की संभावना बढ़ रही है।

## आक्रमणकारियों और मैकाले ने पारंपरिक भारतीय शिक्षा प्रणाली पर हमला किया : मोहन यादव

भोपाल, 26 अक्टूबर। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को कहा कि आक्रमणकारियों ने तक्षशिला और नालंदा में असाधारण शिक्षण संस्थानों को नष्ट कर दिया, जबकि लॉर्ड मैकाले जैसे ब्रिटिश प्रशासकों ने देश की पारंपरिक शिक्षा प्रणाली को बर्बाद करने की कोशिश की। यादव ने यहां आरसीवीपी नोरोन्हा राज्य प्रशासन अकादमी में राज्य स्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पारंपरिक भारतीय शिक्षा अपनी मजबूत नींव के साथ आक्रमणकारियों और मैकाले के विनाश के प्रयासों का सामना कर सकी। उन्होंने कहा, ब्रिटिश शासन के दौरान लॉर्ड मैकाले ने



पारंपरिक भारतीय शिक्षा प्रणाली को बर्बाद करने की पूरी कोशिश की।

थॉमस बैबिंगटन के नाम से जन्मे लॉर्ड मैकाले ने ब्रिटिश शासन के दौरान भारत में अंग्रेजी और ब्रिटिश शिक्षा प्रणाली की शुरूआत की थी। 1835 में, अंग्रेजी को सरकार और अदालतों के लिए आधिकारिक बना दिया गया और शिक्षा के आधिकारिक माध्यम के रूप में अपनाया गया। यादव ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सराहना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाठ्यक्रम में पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के गौरवशाली इतिहास को शामिल किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पाठ्यक्रम में मूल्य-उन्मुख शिक्षा को लागू करने के लिए एनईपी के तहत कई पहल की जा रही हैं। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए, मप्र के राज्यपाल मंगूभाई पटेल ने कहा, शिक्षक एक आदर्श समाज और देश के निमार्ता हैं। वे बच्चों के भविष्य को आकार देने और उन्हें ज्ञान, गुण और परंपरा प्रदान करके उन्हें आदर्श नागरिक बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

## इस बार भव्य, दिव्य एवं विहंगम होगी काशी की देव दीपावली

**●गंगा की रेती पर दिखेगा अमेरिकी ह्यफायर वन फायरिंग सिस्टम से ह्यग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो**

**●15 नवंबर को मनाई जाएगी विश्व प्रसिद्ध काशी की देव दीपावली, 12 लाख दीपों से घाटों को रोशन करेगी योगी सरकार**

**सुरेश गांधी**

**वाराणसी।** देवों के देव महादेव की नगरी काशी में विश्वप्रसिद्ध देव दीपावली की तैयारियां तेज हो गई हैं। इसके लिए घाटों पर सुरक्षा के साथ साफ-सफाई का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। खास बात यह है कि इस बार उत्तरवाहिनी जाह्नवी



के दोनों तट पर देव दीपावली और भी विहंगम होगा। एक तरफ अंर्ध चंद्राकार घाटों पर 12 लाख दीएं जलेंगे तो दुसरी तरफ उस पार गंगा की रेती पर शिव के भजनों और धुनों पर ग्रीन आतिशबाजी की अद्भुत रोशनी में छटा बिखरेगी। आकाश को जीवंत करती रंगों और पैटर्न से रोशन करने वाले क्रैकर शो, लेजर शो और संगीत के संगम अद्भूत नजारा होगा। पर्यटक इन सभी का एक साथ आनंद ले सकेंगे।

बता दें, काशी की देव दीपावली 15 नवंबर को मनाई जाएगी। क्रैकर शो,लेजर शो और संगीत की त्रिवेणी मंत्रमुग्ध करने के साथ ही अलौकिक, अकल्पनीय और अद्भुत दृश्य का दीदार कराएगी। लेजर शो पूर्णिमा की रात में आकाश को जीवंत रंगों और पैटर्न से रोशन करेगा, जो शहर के क्षितिज को सतरंगी बना देगा। मां गंगा के आंचल में आतिशबाजी का प्रतिबिंब देव दीपावली के माहौल को अविस्मरणीय बनाएगा। कार्यक्रमों की कड़ी में गंगा द्वार के सामने रेत पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो होगा। इसके लिए पर्यटन विभाग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। यह कार्यक्रम रात करीब आठ बजे से होगा। इसमें 500 ड्रोन की मदद से काशी के प्राचीन वैभव और यहां हुए विकास की कहानी दिखाई जाएगी। इसके अलावा रेत पर पारंपरिक कलात्मकता को अत्याधुनिक तकनीक के साथ अमेरिका में विकसित अत्याधुनिक तकनीक के ह्लफायर वन फायरिंगह्न सिस्टम से लगभग 10 मिनट तक शिव भजन व संगीत पर काशी में पहली बार ग्रीन क्रैकर शो और लेजर शो का अलौकिक दृश्य दिखाई देगा। काशी में आने वाले पर्यटक घाटों पर गंगा आरती के साथ ही गंगा पार रेत पर ग्रीन आतिशबाजी का आनंद ले सकेंगे।

**पर्यावरण के अनुकूल होगी ग्रीन आतिशबाजी : गौतम**

ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो करने वाली कंपनी एक्सिस कम्युनिकेशन के सीईओ मनोज गौतम ने बताया कि रेत पर लगभग 1.5 किमी के स्ट्रेच पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो होगा। भगवान शिव की महिमा पर आधारित ह्लहर-हर शम्भूह्न,ह्लशिव तांडवह्नआदि

## बिना मॉनिटरिंग के उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं मुहैया कराएं विभाग : सुरेश खन्ना

वाराणसी, 26 अक्टूबर। वित्त, संसदीय कार्य विभाग एवं जनपद प्रभारी सुरेश खन्ना की अध्यक्षता में शनिवार को जिला योजना समिति की बैठक की गयी। समीक्षा बैठक में 38 विभागों के विभिन्न योजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा प्रभारी मंत्री द्वारा की गयी है। जिसमें जिला पंचायत के 19 सदस्य तथा 13 पार्षद गण भी बैठक में उपस्थित रहे। इस मौके पर मंत्री ने बिजली विभाग को सख्त हिदायत दी है कि मॉनिटरिंग किए बिना उपभोक्ताओं को बिजली बिल नहीं भेंजे। साथ ही मातहत अधिकारी सड़कों को तत्काल प्रभाव से शत-प्रतिशत गड्ढामुक्त करें और पीएम आवास हेतु उन्हीं पात्रों का प्रस्ताव भेजें, जो निर्धारित पात्रता को पूरी करते हों।

इसके अलावा शौचालय की



दूसरी किस्त जियो टैगिंग के बाद ही जारी करें। एलडीएम लोन हेतु लंबित सभी आवेदनों का तत्काल प्रभाव से निस्तारण करें। जनप्रतिनिधि पीएम सूर्यघर योजना की सफलता हेतु लगातार अभियान चलाएं। योजनाओं के शिलान्यास, उद्घाटन, कृषकों के प्रशिक्षण, बीज वितरण आदि की जानकारी जनप्रतिनिधियों को दूरभाष पर जरूर दें तथा उन्हें आमंत्रित भी करें। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि यूपी को एक ट्रिलियन डॉलर अर्थव्यवस्था बनाने के सापेक्ष प्रमुख फोकस कृषि तथा संबंधित क्षेत्र दुग्ध, मत्स्य आदि मैन्युफैक्चरिंग तथा सर्विस सेक्टर पर किया जाएं।

समीक्षा बैठक में मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल ने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभागवार योजनाओं की जानकारी, उनकी भौतिक प्रगति तथा उससे लाभान्वित लोगों की पूरी जानकारी प्रभारी मंत्री के समक्ष रखी। इससे पूर्व बैठक की शुरूआत में जिलाधिकारी एस राजलिंगम द्वारा प्रभारी मंत्री को पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती पूनम मौर्य, विधान परिषद सदस्य हंसराज विश्वकर्मा, धर्मेंद्र राय, विधायक नीलकंठ तिवारी, सौरभ श्रीवास्तव, टीराम, डॉ सुनील पटेल, अपर पुलिस आयुक्त वाराणसी कमिश्नरेट एस चिनप्पा, उपाध्यक्ष विकास प्राधिकरण पुलकित गर्ग, नगर आयुक्त अक्षत वर्मा, डीएफओ वाराणसी स्वाति सिंह समेत विभिन्न विभागों के अधिकारीगण तथा स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।




## राजस्थान में सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत

**अनूपगढ़।** राजस्थान के अनूपगढ़ कस्बे के पास शनिवार सुबह सड़क हादसे में पिता-पुत्र सहित तीन लोगों की मौत हो गई और दो अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि यह हादसा राष्ट्रीय राजमार्ग-911 पर 15ए गांव के बस अड्डे के पास एक कार व पिकअप वाहन की आमने-सामने की टक्कर से हुआ। सहायक उपनिरीक्षक ग्यारसी लाल ने बताया कि कार में सवार चालक प्रभु, उसके पिता ओमप्रकाश व एक अन्य रिश्तेदार बलबीर की मौके पर ही मौत हो गई।

## राजस्थान में सात विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए 94 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किए

**जयपुर, 26 अक्टूबर।** राजस्थान के सात विधानसभा क्षेत्रों में होने वाले उपचुनाव के लिए कुल 94 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने शुक्रवार को बताया कि दौसा में सर्वाधिक 21 उम्मीदवारों और सलूम्बर में सबसे कम सात उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र भरे हैं।

महाजन ने बताया कि 94 प्रत्याशियों की ओर से प्रस्तुत नामांकन-पत्रों की कुल संख्या 118 है, जिनकी जांच सोमवार 28 अक्टूबर को सम्बंधित



रिटर्निंग अधिकारी द्वारा की जाएगी। नामांकन वापस लेने की अंतिम तारीख 30 अक्टूबर है।

राज्य की सात विधानसभा सीटों- झुंझुनू, दौसा, देवली-उनियारा, खींवसर, चौरासी, सलूंबर और रामगढ़ के लिए उपचुनाव 13 नवंबर को होगा और 23 नवंबर को नतीजे घोषित किए जाएंगे।

राज्य विधानसभा में कुल 200 सीट हैं जिनमें से पांच सीट विधायकों के सांसद बनने के कारण और दो सीट विधायकों के निधन के कारण खाली हुई हैं। राज्य विधानसभा में इस समय भारतीय जनता पार्टी के 114, कांग्रेस के 65, भारत आदिवासी पार्टी के तीन, बहुजन समाज पार्टी के दो और राष्ट्रीय लोकदल का एक विधायक है। इसके अलावा आठ निर्दलीय विधायक हैं।



# चीन से समझौता अहम, लेकिन भरोसे की ज्यादा अपेक्षा



-ललित गर्ग

गलवान संघर्ष के बाद भारत-चीन दोनों देशों के रिश्तों में एक बर्फ सी जम गई थी, वह बर्फ अब पिघलती-सी प्रतीत हो रही है। दोनों देश रूस के कजान शहर में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की पूर्व संध्या पर पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा यानी एलएसी पर गश्त लगाने पर एक समझौते पर पहुंचे हैं। दोनों देशों के बीच लम्बे समय से चले आ रहे तनाव के बादल अब छंट सकते हैं। सीमा विवाद से जुड़े इस फैसले के गहरे कूटनीतिक व सामरिक निहितार्थ हैं। लेकिन इस फैसले का अन्तर्राष्ट्रीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव पड़ेगा, इससे दुनिया की महाशक्तियों के निरंकुशता को नियंत्रित किया जा सकेगा, ब्रिक्स समूह को ताकतवर बनाने के प्रयासों में सफलता मिलेगी। यह घटनाक्रम उस विश्वास को भी मजबूती देगा, जिसमें कहा जा रहा है कि मोदी और शी जिनपिंग यूक्रेन-रूस संघर्ष में मध्यस्थ की भूमिका निभा सकते हैं। इन आशा एवं सकारात्मक दृष्टिकोणों के बावजूद एक बड़ा प्रश्न चीन के पलटूराम नजरिये को लेकर निराश भी करता है। भारत को गहरे तक इस बात का अहसास है कि बीजिंग को सीमा समझौतों की अवहेलना करने की पूरानी आदत है। उसने अनेक बार भारत के भरोसे को तोड़ा है। पूर्व के अनुभवों से ऐसी आशंकाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। हालिया फैसले का भी ऐसा ही कोई हश्र न हो जाये, इसके लिये भारत को फूंक-फूंक कर कदम रखने की जरूरत है।

भारत-चीन दोस्ती महत्वपूर्ण ही नहीं, बल्कि उपयोगी भी है। यह दोनों देशों के हित में होने के साथ दुनिया में शांति, स्थिरता, सौहार्द एवं आर्थिक विकास की भी जरूरत है। इसीलिये प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग ने दोस्ती की तरफ कदम बढ़ाते हुए हाथ मिलाये हैं और सौहार्दपूर्ण बातचीत के लिये टेबल पर बैठे हैं। गलवान संघर्ष के चार साल बाद आखिरकार दोनों देश निकट आये है, परस्पर वार्ता का गतिरोध दूर हुआ है, दुनिया को कुछ सकारात्मक एवं आशाभरा दिखाने की संभावनाएं बढ़ी है। इस गतिरोध के चलते दोनों देशों के बीच लगातार तनाव एव संघर्ष का माहौल बना रहा है, व्यापारिक गतिविधियां रूक-सी गयी थी, एक बेहद जटिल भौगोलिक परिस्थितियों में दोनों देशों की सेनाओं को चौबीस घंटे तैयार रहने की स्थिति में खड़ा कर दिया था। लेकिन अब ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में दोनों देशों के निकट आने के घटनाक्रम से एक बड़ा संदेश भी दुनिया में जाएगा कि दोनों देश बातचीत के जरिये अपने मतभेदों को सुलझा सकते हैं।

द्विपक्षीय वार्ता के बाद दोनों देशों के संबंध सामान्य होने की संभावना बढ़ अवश्य गई है, लेकिन इसमें समय लगेगा, क्योंकि बीते चार वर्षों में चीन ने अपनी हरकतों से भारत का भरोसा खोने का काम किया है। भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति के बीच करीब पांच वर्षों के बाद विस्तार से वार्ता इसीलिए हो सकी, क्योंकि चीन देपसांग एवं डेमचोक से अपनी सेनाएं पीछे हटाने और सीमा पर निगरानी की पहली वाली स्थिति बहाल करने पर सहमत हुआ। यह एक अच्छा एवं शुभ संकेत है। प्रधानमंत्री मोदी ने सीमा पर शांति की अपेक्षा करते हुए चीन से कहा है कि आपसी विश्वास एवं सहयोग को बढ़ावा देने के साथ एक-दूसरे की संवेदनशीलता का सम्मान किया जाना चाहिए। यह कहना आवश्यक एवं प्रासंगिक था, क्योंकि चीन यह तो चाहता है कि भारत उसके हितों को लेकर अतिरिक्त सावधानी बरते, लेकिन खुद उसकी ओर से भारत के प्रति अपेक्षित संवेदनशीलता को लगातार नजरअंदाज करता रहा था। इसका प्रमाण यह है कि वह कभी कश्मीर तो कभी अरुणाचल प्रदेश को लेकर मनगढ़ंत दावे करता रहा है। इसकी भी अनदेखी नहीं कर सकते कि चीन किस तरह पाकिस्तान को भारत के खिलाफ मोहरे की तरह इस्तेमाल करता रहा है। चीन पाकिस्तान के उन आतंकियों का संयुक्त राष्ट्र में बचाव करता रहा है, जो भारत के लिए खतरा हैं।

चीन किये गये वायदों एवं समझौतों से पीछे हटता रहा है, चीनी राष्ट्रपति ने दोनों देशों के बीच 1993, 1996, 2005 और 2013 में परस्पर भरोसा पैदा करने वाले समझौतों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। उन्होंने अपनी सेना को भारतीय दावे वाले इलाकों में अतिक्रमण करने का आदेश दिया। इसी का अंजाम रही जून 2020 में गलवान घाटी जैसी घटना। इसके बावजूद भारत के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व ने बहुत संयम बरता, भड़काने वाली परिस्थितियों में भी उन्होंने धैर्य से काम लिया और बातचीत के जरिये ही मामले का हल निकाला। लेकिन, चिंता कम नहीं हुई है। पिछले साढ़े चार बरसों के दौरान चीनी सेना ने बेहद दुर्गम पर्वतीय इलाकों में पक्के निर्माण कर लिए हैं। आशंका है कि चीन अपने इन सैन्य ढांचागत निर्माण को ध्वस्त कर इलाका पूरी तरह छोड़ देने के लिए तैयार होगा भी या नहीं? ऐसी स्थिति में पूर्वी लद्दाख के सीमांत इलाकों में सैन्य तनाव और परस्पर अविश्वास की स्थिति बनी रहेगी। भारतीय सामरिक पर्यवेक्षकों के बीच चीन के इरादों को लेकर शक बना रहेगा, क्योंकि हमारे इस पड़ोसी का भरोसा तोड़ने का पुराना इतिहास रहा है। लेकिन देर आये दुरस्त आये की कहावत के अनुसार चीन को भारत से दोस्ती का महत्व समझ आ गया है तो यह दोनों देशों के साथ समूची दुनिया के हित में है।

भारतीय प्रधानमंत्री और चीनी राष्ट्रपति की मुलाकात के बाद दोनों देशों के विशेष प्रतिनिधि भी शीघ्र टेबल पर बैठकर भरोसे एवं विश्वास बहाली के उपायों पर चर्चा करेंगे, लेकिन भारत को इसकी अनदेखी नहीं करनी चाहिए कि चीन कहीं दो कदम आगे बढ़कर चार कदम पीछे न हट जाये, ऐसा पहले भी हो चुका है। भारत को चीन से संबंध सामान्य करने की दिशा में आगे बढ़ने के पहले इसकी पड़ताल करनी चाहिए कि कहीं वह फिर से वैसी हरकत तो नहीं करेगा, जैसी डोकलाम, गलवन, देपसांग आदि में की है। यह ध्यान रहे कि अतीत में चीन ने अपने अति महत्वाकांक्षी एवं अतिक्रमणकारी रवैये को तभी छोड़ा है, जब भारत ने यह जताने में संकोच नहीं किया कि वह बहुपक्षीय सहयोग के ब्रिक्स और एससीओ जैसे संगठनों को अपेक्षित महत्व देने से इन्कार कर सकता है। अब चीन को झुकना उसकी विवशता बन गयी है, क्योंकि उसे यह आभास हुआ कि भारत का असहयोग उसके आर्थिक हितों पर प्रतिकूल असर डाल सकता है। ऐसा हुआ भी है कि भारत ने चीन को अपने देश में बाजार नहीं बनने दिया, जिसका बड़ा खामियाजा उसे भुगतना पड़ा है। चीन की अर्थ-व्यवस्था में भारत की महत्वपूर्ण भूमिका है। निःसंदेह संबंध सामान्य होने से चीन के आर्थिक हित सधेंगे, लेकिन भारत को अपने आर्थिक हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देनी होगी। वैसे यह उम्मीद करना जल्दबाजी ही होगी कि भारत-चीन सीमा पर जमीनी हालात जल्द ही सामान्य हो जाएंगे। क्योंकि भारतीय जमीन पर चीनी सेना के अतिक्रमण की वजह से ही दोनों देशों के रिश्तों में अभूतपूर्व तनाव के कारण दूरियां काफी बढ़ गयी थी। इन दूरियों के दंश को मिटाने में समय, समझ एवं सूझबूझ की अपेक्षा है। प्रधानमंत्री मोदी एक परिपक्व राजनेता के रूप में पिछले पांच बरसों से राष्ट्रपति चिनफिंग से इसलिए नहीं मिले कि चीन जब तक अपनी सेना पीछे नहीं करेगा, तब तक दोनों की मुलाकात नहीं हो सकती। कजान में हुई बातचीत में जिस तरह रिश्तों को सामान्य बनाने पर जोर दिया गया है, उसके मद्देनजर भारत का जोर इस बात पर भी रहेगा कि एलएसी के पीछे के इलाकों से दोनों देश अपनी सैन्य तैनाती पूरी तरह खत्म कर दें। दोनों देशों को एलएसी पर पूरी तरह परस्पर भरोसे का माहौल कायम करना होगा। भारत के लिए राहत की बात यह है कि देपसांग और डेमचोक पर भी सहमति बनी है। लेकिन भारतीय जनमानस के मन में सबसे बड़ा सवाल यही है कि दोनों देशों ने सीमा पर जो 50 हजार सैनिक तैनात कर रखे हैं, उन्हें कब वापस लाया जाएगा? ताजा घटनाक्रम की सफलता एवं सार्थकता तभी संभव है जब एक दूसरे के प्रति आदर, विश्वास, भरोसा और संवेदनशीलता होगी। रूस के कजान शहर में एक अच्छी शुरूआत जरूर हुई है लेकिन आगे का रास्ता तभी खुलेगा जब कुछ हद तक चीन अपना रवैया बदलेगा।

# कहाँ गुम हो जाते है पटाखे जलाने के सरकारी आदेश, सारी रात जलते है पटाखे



अशोक भाटिया

हर बार की तरह इस साल भी दीवाली का त्योहार बेहद ही धूमधाम से मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में इस पर्व की खास मान्यता है। इस दिन लोग अपने घरों से लेकर दफ्तर आदि जगहों पर रौशनी करते हैं। इसके लिए दीये और मोमबती जलाई जाती हैं। इस दिन भगवान गणेश और मां लक्ष्मी की पूजा की जाती है। इसके अलावा लोग इस दिन पटाखे भी जलाते हैं। गली-मोहल्ले से लेकर हर जगह लोग पटाखे जलाते हैं, लेकिन अगर आप दिल्ली में रहते हैं तो आपके लिए ये जानना जरूरी हो जाता है कि आप दीवाली पर पटाखे नहीं जला सकते और अगर आप ऐसा करते हैं, तो आपके ऊपर एक्शन लिया जा सकता है।

प्रदूषण पर लगाम लगाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि 2021 में केवल ग्रीन पटाखों के इस्तेमाल की अनुमति देने वाला उसका आदेश सिर्फ. दिल्ली-एनसीआर में ही नहीं बल्कि पूरे देश में लागू होगा। सुनवाई के दौरान पीठ ने कहा कि बच्चे ₹इन दिनों₹ पटाखे नहीं जलाते बल्कि वयस्क पटाखे जलाते हैं। साथ ही, पीठ ने यह भी कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना हर किसी का कर्तव्य है।

राजस्थान सरकार को बेरियम साल्ट और अन्य प्रदूषणकारी रसायनों का उपयोग करने वाले पटाखों के उपयोग पर प्रतिबंध लगाने और त्यौहारों के दौरान वायु और ध्वनि प्रदूषण को रोकने के न्यायालय के आदेशों का पालन करने के निर्देश देने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना और एम एम सुंदरेश की पीठ ने कहा कि किसी नए निर्देश की आवश्यकता नहीं है। इसने कहा कि सर्वोच्च न्यायालय के आदेश पूरे देश में बाध्यकारी हैं और राजस्थान से इस मुद्दे पर अपने पिछले निर्देशों पर ध्यान देने को कहा। 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि पटाखों के इस्तेमाल पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं है, लेकिन बेरियम साल्ट वाले पटाखों पर प्रतिबंध है। कोर्ट ने कहा कि इसका खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है और चेतावनी दी कि किसी भी चूक के लिए विभिन्न स्तरों पर शीर्ष अधिकारियों को ₹व्यक्तिगत रूप से उत्तरदायी ठहराया जाएगा₹ ।2018 में कोर्ट ने पटाखे फोड़ने के लिए समय भी तय किया था। कोर्ट ने कहा था कि दिवाली पर रात 8 बजे से 10 बजे के बीच और नए साल और क्रिसमस पर रात 11:55 बजे से 12:30 बजे के बीच पटाखे फोड़ने की अनुमति होगी। आकाश सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल के पल्मोनरी मेडिसिन के विशेषज्ञ डा. अक्षय बुधराजा कहना है कि पटाखे जलाने से सल्फर आक्साइड, नाइट्रोजन आक्साइड, कार्बन मोनोआक्साइड जैसी जहरीली गैसें वातावरण में फैलती हैं। इसके अलावा वातावरण में पीएम-10 और पीएम-2 ।5 का स्तर बढ़ जाता है, जो स्वास्थ्य को प्रभावित करता है।कैंसर व अंग प्रत्यारोपण के मरीजों की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर होती है। प्रदूषण भी शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता कमजोर करता है। इसे वजह से कैंसर व अंग प्रत्यारोपण कराने वाले मरीजों की परेशानी बढ़ सकती है। डा. अक्षय ने कहा कि लंबे समय तक प्रदूषण से फेफड़े का कैंसर भी होता है।

वातावरण में जहरीली गैसें व प्रदूषक तत्व बढ़ने से एलर्जी होती है। इससे आंखों में जलन व त्वचा पर एलर्जी की समस्या हो सकती है ।सांस की नली में संक्रमण वातावरण में मौजूद प्रदूषक तत्व व जहरीली गैसें सांस के जरिये शरीर में प्रवेश करने पर सांस की नली में संक्रमण हो सकता है। इस वजह से खांसी व सांस की नली में सिकुड़न होने पर सांस लेने में परेशानी हो सकती है।

पीएम-10 व पीएम-2.5 जैसे सूक्ष्म कण सांस के जरिये फेफड़े में पहुंचते हैं। इससे ब्रोंकाइटिस, सीओपीडी, अस्थमा के मरीजों की बीमारी बढ़ सकती है। इस वजह से अस्थमा का अटैक भी हो सकता है। जिन बच्चों को पहले से ब्रोंकाइटिस व अस्थमा की समस्या रहती है, उनकी बीमारी बढ़ सकती है। ऐसी स्थिति में नेबुलाइज व आक्सीजन देने की जरूरत पढ़ सकती है। पीएम-2.5 बहुत सूक्ष्म कण होने के कारण फेफड़े से होते हुए ब्लड में पहुंच जाता है। इस वजह से ब्लड प्रेशर बढ़ सकता है। ऐसे में ब्लड प्रेशर व हृदय की बीमारी से पीड़ित पुराने मरीजों की समस्या बढ़ सकती है ।हार्ट अटैकप्रदूषण के कारण ब्लड प्रेशर बढ़ने से धमनियों में ब्लाकेज होने का खतरा रहता है। इससे हार्ट अटैक व लकवा का खतरा हो सकता है। एम्स के रुमेटोलाजी विभाग की अध्यक्ष डा। उमा कुमार कहना है कि अध्ययन में यह देखा गया है कि प्रदूषण बढ़ने पर शरीर में सूजन के लिए जिम्मेदार मार्कर बढ़ जाते हैं। इस वजह से गठिया के मरीजों का दर्द और परेशानी बढ़ जाती है। गठिया के बहुत मरीजों को फेफड़े व हृदय की बीमारी भी होती है। आतिशबाजी के कारण प्रदूषण बढ़ने पर उनकी सांस की परेशानी बढ़ सकती है। दिल्ली में पहले से ही प्रदूषण की समस्या बनी हुई है। इस वजह से लोगों को स्वच्छ हवा नहीं मिल पाती। इसलिए लोगों को पटाखे नहीं जलाने चाहिए ।सुबह प्रदूषण अधिक रहने लगा है। इसलिए सांस व हृदय की बीमारियों से पीड़ित लोग सुबह में सैर न करें। प्रदूषण में सुबह की सैर खतरनाक साबित हो सकती है। पटाखों में कई तरह के जहरीले पदार्थ मिले होते है जैसे कॉपरः ये आपके श्वसन तंत्र को प्रभावित करता है,कैडमियमः ये आपके खून में ऑक्सीजन ले जाने की क्षमता को कम करके एनीमिया की ओर ले जाता है ।जिंकः इसके हवा में अधिक होने से धुआं अधिक होता है। आपका दम घुटने लगता है और उलटी आती है ।सीसाः तंत्रिका तंत्र को नुकसान पहुंचाता है ।मैग्नीशियमः हवा में मैग्नीशियम होने से आपको बुखार आ सकता है ।सोडियमः यह अत्यधिक क्रियाशील तत्व है। ये जलन पैदा कर सकता है।

डॉ. गोयल के मुताबिक, देश के कई हिस्सों में एयर क्वालिटी इंडेक्स (अदक) पहले से ही 'मध्यम' से 'खराब' श्रेणी में पहुंच गया है। त्योहारों और सर्दियों में प्रदूषण बढ़ने की आशंका है, जिससे स्थिति और भी गंभीर हो सकती है। वायु प्रदूषण सांस, दिल और दिमाग से जुड़ी बीमारियों का एक बड़ा कारण है। यह पुरानी बीमारियों को और भी बदतर बना सकता है और असमय मौत का खतरा बढ़ा सकता है। बच्चें, गर्भवती महिलाएं, बुजुर्ग, पहले से बीमार लोगों के साथ-साथ ट्रैफिक पुलिस और सफाई कर्मचारी जैसे लोग प्रदूषण के खतरों के प्रति ज्यादा संवेदनशील होते हैं। डॉ। गोयल ने अपनी चिट्ठी में इस गंभीर स्थिति से निपटने के लिए सभी राज्य सरकारों के स्वास्थ्य विभागों और अस्पतालों से तैयारी बढ़ाने का आग्रह किया है। उन्होंने जन जागरूकता अभियान चलाने, क्षेत्रीय भाषाओं में मीडिया के जरिए जरूरी जानकारी देने, स्वास्थ्यकर्मियों को प्रशिक्षित करने और वायु प्रदूषण से जुड़ी बीमारियों की निगरानी प्रणाली को मजबूत बनाने पर जोर दिया है। डॉ। गोयल ने अपनी चिट्ठी में कहा, 'इस समय लोगों को हवा की गुणवत्ता को और खराब होने से बचाने के तरीकों के बारे में जागरूक करना बेहद जरूरी है।'

उन्होंने पराली और कचरा जलाने से बचने, त्योहारों के दौरान पटाखे कम जलाने, डीजल-पेट्रोल वाहनों की बजाय सार्वजनिक परिवहन का इस्तेमाल करने, डीजल जनरेटर के कम से कम उपयोग और धूम्रपान छोड़ने जैसे उपायों पर जोर दिया ।डॉ .गोयल का सुझाव है कि लोग घर से बाहर निकलने से पहले सरकारी मोबाइल ऐप के जरिए हवा की गुणवत्ता (एक्यूआई) की जांच करें। भीड़-भाड़ वाली जगहों पर जाने से बचें और घर में खाना पकाने, रोशनी और गर्मी के लिए स्वच्छ ईंधन का इस्तेमाल करें।

खासकर बुजुर्ग, गर्भवती महिलाएं और सांस एवं दिल की बीमारी वाले लोग खेलकूद जैसी बाहरी गतिविधियों से बचें।अगर किसी को वायु प्रदूषण के कारण कोई परेशानी या लक्षण दिखाई देते हैं, तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करना चाहिए।

ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल के निदेशक डॉ. पीयूषभाई पटेल ने बताया कि, ह्यूमन सोसाइटी इंटरनेशनल इंडिया पिछले 15 वर्षों से सड़क पर भटकने वाले या मालिक द्वारा छोड़े गए जानवरों की देखभाल करती है। इसमें विशेष रूप से स्ट्रीट डॉग पर अधिक काम किया जाता है। यह संस्था वडोदरा, लखनऊ, उत्तराखंड के कई जिलों में भटकते जानवरों की देखभाल करती है। इस संस्था का उद्देश्य लोगों में जानवरों के प्रति सद्भाव, संवेदनशीलता और सहानुभूति बढ़ाना है। वे बताते है समाज में कुछ अमानवीय लोग अपनी थोड़ी-सी खुशी के लिए जानवरों और पक्षियों के जीवन के साथ छेड़छाड़ करते हैं। जिसमें छोटे से लेकर बड़े सभी लोग अपनी खुशी के लिए कुत्तों, गायों, भैंसों या अन्य जानवरों के पास जाकर पटाखे जलाते हैं या उनके ऊपर पटाखे फोड़ते हैं। जिसके कारण सोया हुआ या बैठा हुआ जानवर घबरा कर भागने लगता है। इससे कभी-कभी सड़क दुर्घटनाओं का शिकार भी होता है या वह गंभीर रूप से जल जाता है। सरकार एडवाइजरी हर साल जारी करती है पर अमल नहीं होता । देखा जाता है कि प्रतिबन्ध होने या समय की सीमा होने के बावजूद सारी रात पटाखे जलते रहते है । सरकार को पुलिस को कड़े आदेश देना चाहिए ।

# मुरझाए चेहरे खिल उठे, हर घर पहुंचे उजाला



-नरेंद्र तिवारी 'पत्रकार'

दीपावली की उजास से मुरझाए चेहरे भी खिल उठे, हर घर में प्रगति का प्रकाश पहुंचे, दीप पर्व में छुपा यह महत्वपूर्ण संदेश हमें सामाजिक सहयोग की प्रेरणा देता है। सामाजिक सहयोग की यह भावना सिर्फ दीपावली के दिनों में ही नहीं अपितु साल के 365 दिन चलती रहनी चाहिए। आपसी सहयोग की भावना से ही समाज में समानता स्थापित हो सकती है। इसी तरह की निर्मल ओर पवित्र सहयोग की भावना का संदेश देता एक टीवी विज्ञापन जब भी देखता हूँ, मन में निर्मल ओर पवित्र सामाजिक सहयोग की भावना बलवती होने लगती है। एचपी इंडिया कंपनी द्वारा दिखाए जाने वाले इस विज्ञापन का निर्माण वर्ष 2018 में हुआ विज्ञापन में दीपावली के दौरान सड़क के किनारे बैठी एक बुजुर्ग महिला दिए बेच रही है, दीपावली की खरीदी के दौरान अपनी माँ के साथ बाजार आया बालक अपनी माँ से दीपक खरीदने को कहता है, बुजुर्ग महिला से दिए खरीदने हेतु अनिच्छा जताती माँ अपने पुत्र के साथ आगे निकल आती है। किंतु संवेदनशील बालक अकेला आकर दीपक खरीदते हुए बुजुर्ग महिला से जब हैप्पी दीपावली कहता है तब अपने पर्याप्त दीपक न बिक पाने से निराश बुजुर्ग महिला बालक से कहती है ह्लकाहे की हैप्पी दिवाली, जब तक यह दिए न बिक जाएह्ल बालक बुजुर्ग महिला की मोबाइल से फोटो खींचता है, अपने लेपटॉप से बुजुर्ग अम्मा की फोटो सहित एक पोस्टर बनाता है जिसपर लिखा होता है अम्मा की दीपावली हैप्पी बनाओ, जाकर उनसे दिए ले आओ। इन पोस्टरों को अपने आसपास के घरों में ओर दीवारों पर चिपका देता है। पोस्टर देखकर, पढ़कर बुजुर्ग अम्मा के सारे दिए बिक जाते है। मुरझाया चेहरा खिल उठता है। दीपावली के दौरान भावप्रधान यह विज्ञापन समाज में सहयोग की भावना को बढ़ाता है, परस्पर सहयोग करने की प्रेरणा भी देता है। एचपी इंडिया का एक ओर भावना प्रधान विज्ञापन है जिसमें बुजुर्ग चित्रकार की पेंटिंग की दुकान महानगर के बाजार से हटा दी जाती है, तब यह बुजुर्ग कहता है, आजकल शहरों में हमारे लिए जगह नहीं रही। बुजुर्ग के मुंह से निकले उक्त कथन को एक कला पसंद संवेदनशील महिला सुन रही होती है जो किसी कंपनी की प्रमुख होती है। अपनी कंपनी के ऑफिस में दीपावली की सजावट हेतु उस बुजुर्ग की चित्रकला का उपयोग करती है। बुजुर्ग को कंपनी के ऑफिस आमंत्रित करती है। तब उक्त बुजुर्ग के चेहरे पर आने वाली खुशी निश्चित ही समाज के हर वर्ग की हैप्पी दीपावली का भावना प्रदान संदेश है। सहयोग का पाठ 2018 में बने उक्त विज्ञापन सिखाते प्रतीत होते है। भारतीय संस्कृति सनातन संस्कृति है। हमारी परंपरा के महान चरित्रों ने भी आपसी सहयोग के उदाहरण प्रस्तुत किए है। संवेदनाओं को समझा है, दारुण दुख से पीड़ित लोगों के साथ खड़े होकर उन्हें कष्टों से उभारा है। दीपावली का महान उत्सव जिस महान चरित्र के 14 वर्षीय वनवास से अयोध्या लौटने, दानवी प्रकृति से विजय होने की खुशी में सदियों से मनाया जा रहा है। वह है मयार्दा पुरुषोत्तम श्री राम जिनका संपूर्ण जीवन समानता और आपसी सहयोग की भावना को समर्पित रहा। तुलसीदास रचित रामचरितमानस में शबरी और श्रीराम के मिलन का वर्णन करती चौपाई ह्लसबरी देखि राम गृह आए। मुनि के बचन समुझि जियं भाए।। आरण्यकांड में श्रीराम और शबरी के मिलन का सुंदर चित्रण किया है। शबरी प्रभु राम के आगमन पर उन्हें बेर खिलाती है। बेर मीठे ही प्रभु खा पाए इसलिए हर बेर को चखकर सिर्फ मीठे बेर ही प्रभु को खिलाती है। शबरी ने प्रभु श्रीराम को बताया था कि मतंग ऋषि उन्हें यह बता चुके थे कि एक दिन सीता को खोजते हुए राम यहीं आएंगे। इस दौरान जहां सबरी ने भगवान राम को सीता जी को खोजने के लिए वानर राज सुग्रीव एवं हनुमान जी की मदद के बारे में बताया तो श्रीराम ने शबरी को नवधा भक्ति का उपदेश दिया था। सबरी ओर राम की यह मुलाकात दक्षिणझ्रपश्चिम गुजरात के डांग जिले के सुबीर गांव के पास सबरी धाम में होने की जनश्रुति चली आ रही है। वनवासी सबरी ओर श्रीराम की मुलाकात का यह प्रंसग मानवीय जीवन की कोमल भावनाओं का प्रकटीकरण है। इसी तरह के निर्मल भाव केवट और राम की मुलाकात में भी नजर आते है। कोमल, निर्मल ओर पवित्र भावनाओं के अनेकों प्रसंग श्री राम के जीवन से जुड़े है। भारतीय समाज के एक ओर नायक श्री कृष्ण के जीवन से जुड़े अनेकों प्रसंग दुनियां का मार्ग दर्शन कर रहे है, किंतु सुदामा और श्रीकृष्ण की मित्रता की कहानी दोस्ती की अमिट यादगार और प्रेरणादाई प्रसंगों में दर्ज हो गई। जब भी ईमानदार मित्रता की चर्चा होती है। कृष्णझ्रसुदामा दोस्ती का यह प्रंसग बरबस जहन में आ जाता है।

सदियों से चले आ रहे कोमल, पवित्र और मानवीय संवेदनाओं से परिपूर्ण यह प्रसंग संपूर्ण विश्व के मार्गदर्शक सूत्र के रूप में अपनी भूमिका निभा रहे है। किंतु जब धन, पावर, सत्ता का नशा व्यक्ति के सर चढ़कर बोलने लगता है, निजी स्वार्थों से वशीभूत होकर व्यक्ति इन कोमल भावनाओं के प्रतिकूल जाकर कार्य करने लगते है। भावनाओं की प्रतिकूलता व्यक्ति के जीवन को नकारात्मकता प्रदान करती है। यहीं नकारात्मकता धन, संपदा, सत्ता, ताकत के घमंड को तोड़ती है। दीपावली के महान सनातनी पर्व पर दया, करुणा, सेवा की भावनाओं का प्रदर्शन होना चाहिए। देखने में आता है कि इन्हीं पवित्र भावनाओं से प्रेरणा पाकर अनेकों संस्थाएं, संगठन और व्यक्ति दिन दुखियों के चेहरों पर मुस्कुराहट लाने के प्रयास में जुटे रहते है। वर्ष 1966 में बनी फिल्म बादल का यह खूबसूरत गीत ह्लअपने लिए जिए तो क्या जिए, ऐ दिल जी तू जमाने के लिए, गीतकार मन्नाडे द्वारा गाया यह गीत भी इन्हीं कोमल और पवित्र भावनाओं का प्रतिनिधि गीत है। मनुष्य का जीवन सदैव एकसा नहीं रहता है, उतारझ्रचढ़ाव, सुखझ्रदुख सभी के जीवन का हिस्सा है। खराब और बुरे दौर में आपके द्वारा किया गया सहयोग, प्रेम के बोल, प्रकट संवेदनाएं बल देती है। व्यक्ति फिर से खड़े होकर लड़ने को तैयार होता है, अपने बुरे दौर को हराने के प्रयास में जुट जाता है। दुनियाँ को प्रकाशित करने वाली इन भावनाओं का दीपों के इस पर्व पर भी भरपूर उपयोग करें। सबकी दीपावली हैप्पी हो, सुदूर बस्ती की झोपडी भी प्रकाशित हो, मुरझाए चेहरे खिल उठे, हर घर पहुंचे दीपक का प्रकाश। यही तो है दीपावली का असली संदेश।

# दीपावली पर गूजरी-ग्वालिन पूजा का महात्म्य



-आत्माराम यादव पीव वरिष्ठ पत्रकार

कार्तिक अमावस्या को दीपावली मनाने के लिये सभी यथायोग्य तैयारी करते है वहीं होशंगाबाद सहित आसपास के अनेक गॉवों में बसे ग्वाला,गवली ओर यादव समाज के लोग मिट्टी के दिये के साथ मिटटी की बनी ग्वालिनों को लाकर पूजते है। पिछले 40-45 सालों से मेरे मन में एक सवाल उठता रहा है कि आखिर दीपावली पर मिटट्टी की सुन्दर प्रतिमाओं के साथ घोड़े पर सवार युवक को सभी पूजते क्यों है, पर कोई जबाव नहीं मिलता था। सीहोर जिले में बुदनी तहसील के अर्न्तगत आने वाले ग्राम बगवाड़ा में मेरी ननिहाल है बचपन में तीन चार दशक पहले वहॉ के सभी घरों से महिलायें टोकरी में दूध कन्डे बेचने होशंगाबाद आते। गॉव से नर्मदा नदी तट तक दो ढाई किलोमीटर पैदल चलने के बाद नाव से आते और दूध-दही आदि बेचकर घर के जरूरी सामान ले जाते जिसमें हर त्यौहार की पूजा सामग्री होती। दीपावली पर बाजार से लौटते समय हरेक व्यक्ति या महिला सभी मिट्टी की रंग रोगन की हुई ग्वालिन,घुड़सवार युवक के साथ गायों को सजाने के लिए रंग बिरंगी घंटिया,,झालरे कोडिया,मोर पंख आदि के साथ रंग लेकर आते यह सिलसिला अब भी जारी है पर साधन आ जाने के बाद सब अलग अलग होकर इस परम्परा का निर्वहन कर रहे है। कच्ची मिट्टी से बनी इन ग्वालिन के हाथों पर चार दिये और सिर पर एक दिया कुल पॉच दिये बने होते है, जिस पर दीप जलाने की परंपरा भी है। यह दीप ग्वालिन को भगवती शारदा मानकर ऋद्धि सिद्धि की कामना कर उनके सम्मुख प्रार्थना करने से मनोरथ सिद्ध करने का सरल उपाय बताया है।

दीपावली पर ग्वालिन की पूजा की लोकमान्यता ग्वाला समाज को छोड और कहीं देखने को नहीं मिली लेकिन उत्तर भारत में बुन्देलखंडी,मध्य में मालवांचल सहित गुजरात राजस्थान में अनेक जगह ग्वालिनों को पूजने की परंपरा है। प्राचीन भारत के साहित्य में कालिदास,बाणभट्ट और अश्वघोष ने अपनी रचनाओं में मिट्टी से बनी मूर्ति के लिये हर्षचरित में अंजलिकारिका शब्द प्रयोग किया है वही कादंबरी में मृदंग और पुत्र का शब्द प्रयोग किया है। दोनों हाथों और सिर के ऊपर मिट्टी का दीया लिये इन सुन्दरतम ग्वालिन की प्रतिमाओं में अगर नीचे की बनावट पर नजर डाले तो वृन्दावन की प्रकट लीला में घाघरा घुमा परिधान से लवरेज है जिन्हें भगवान श्रीकृष्ण की आल्हादित करने वाली गुहा विद्धा की प्रर्वतक माना है। ये ग्वालिनी नित्य सिद्धा है इन्हें कन्या रूप में और



पोढ़ा रूप में श्रीकृष्ण ने स्वीकारा है। जिनका विवाह नहीं हुआ है वे कन्याये है तथा जो ग्वालिनी विवाहित है वे पोढ़ा है। प्रेमभक्ति में पोढ़ाओं को श्रेष्ठतम मानकर इन्हें नित्यप्रिया,साधनपरा और देवी माना गया है। राधा जी के स्वरूप को सर्वश्रेष्ठ महाभाव स्वरूपा कहा गया है जिनकी आठ परम श्रेष्ठ सखिया ललिता, विशाखा, चंपककला , चित्रा सुदेवी, तुंगविदय़ा, इन्दुलेखा व रंगदेवी है, जो गोपियों व ग्वालिनों में अग्रंण्य है। दीपावली के पूर्व शरदपूर्णिमा की झिलमिलाती रोशनी में महारास में राधा कृष्ण अपनी समस्त कलाओं के साथ महारास करते है और आकाश में चन्द्रमा अपनी चांदनी की छटा से धरा को स्नान करता है। इस रात हर व्यक्ति लक्ष्मी की अगवानी में घर की देहरी पर दीप रखता है और अपने घरों की छतों-मचान पर श्री का प्रतीक खीर रखकर चांदनी से अमृत बरसने की प्रतीक्षा करता है ऐसे ही अवसर पर माता लक्ष्मी धरा पर विचरण को निकलती है।

शरदपूर्णिया अर्थात महासरस्वती व कार्तिक पूर्णिमा अर्थात महाकाली के बीच की कडी हर मनुष्य को एक दूसरे से जोड़कर रखने वाली कडी है। जैसे शरद का सौन्दर्य श्री का सौन्दर्य है,सीता का सौन्दर्य है,राधा का सौन्दर्य है, शारदा का सौन्दर्य है,,वही अलौकिक सौन्दर्य नवदुर्गा की भक्ति पूजा अर्चना का भी सौन्दर्य बन जाता है। आश्विजन की विजयादशमी को राम रावण का वध कर 20 दिन बाद अयोध्या लौटते है तब उनके राज्याभिषेक में परब्रम्ह के रूप में भगवान राम संपूर्ण ऐश्वर्य के साथ सिंहासन पर विराजते है। अवध झूम उठता है, घरघर दीप प्रज्जबल्वित होते है और यह आनन्द दीपावली के रूप में भारत की संस्कृति में रच बस जाता है। अपवादों के कारण राम सीता को निर्वासित करते है तब राम ब्रह्महत्या के पश्चाताप कर दोषमुक्त करने हेतु गुरु वशिष्ट से कहते है तब गुरू वशिष्ट कहते है सीता के बिना यज्ञ पूरा नहीं हो सकेगा ओर वे सीता को जंगल से लाने की बात करते है तब मयार्दा पुरुषोत्तम राम का स्वाभिमान, उन्हें सीता को लाने से रोकता है तब यज्ञ की पूर्ति हेतु स्वर्ण की सीता बनवाकर यज्ञ संपादित कराते है। स्वर्ण से बनी सीता की प्रतिमा में प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात यज्ञ पूर्ण होता है। कहा जाता है स्वर्ण प्रतिमा भगवान से प्रार्थना करती है कि आपका कार्य हो गया है अब आप मुझे पत्नी का सम्मान देकर राजमहल में रहने की इजाजत दे। प्रभु आश्चर्यचकित होते है और कहते है वे एक पत्नी का व्रत रखे है उन्हें पत्नी नहीं बना सकते। स्वर्ण प्रतिमा का हठ के समक्ष वे झुकते है और वचन देते है अगले श्रीकृष्ण अवतार में वे उन्हें अपनी सबसे श्रेष्ठ और प्रिय का स्थान देंगे और तब तुम राधा बनकर आयोगी। प्रतिमा हठ करती है तो राम उन्हें श्राप देते है कि जब राधा के रूप में तुम मिलोगी तो हमारा वियोग होगा और तुम्हें मेरी प्रतीक्षा का वियोग झेलना होगा।

सीता की स्वर्ण प्रतिमा राधा के रूप में अवतरित होती है और कृष्ण की आल्हादिनी शक्ति के रूप में राधा ही श्री कहाती है ।जब सीता को निर्वासित किया गया तब वे अन्याय का शिकार हुई पर उन्होंने राम के खिलाफ एक शब्द भी नहीं कहा, राम सीता के इसी स्वाभिमान के कारण अपने अंदर टूटते गये,पर प्रकट में कहीं भी यह दिखने नहीं दिया। लेकिन कृष्ण अवतार में राधा से मिलने, बिछड़ने का दर्द असीमित था जिसे राधा ने प्रगट नहीं किया। कृष्ण ने वियोगी राधा को ऑखों से आंसू न लाने का वचन लिया और राधा के अंतर्मन का दर्द वे समझ सकती थी तभी वे कृष्णे की प्रतीक्षा में रोज अनगिनत दीप जलाकर अपनी स्वर्ण देह को गलाकर मिट्टी बन गयी, उधर कृष्ण भी राधा से अलग होने के बाद दोबारा नहीं मिल सके। कृष्ण विछोह के बाद राधा का पूरा जीवन ऐसा हो गया जैसे कोई माटी की मूरत हो। स्वर्ण सीता की मूरत से मूरत बनी राधा के जीवन में बिछोह है। इस विछोह को जन्म जन्मान्तर से बिदा करने के लिये राधा मिट्टी की ग्वालिन के रूप में अपने देह पर दीये जलाकर अपने प्रिय की प्रतीक्षा में खड़ी है।

यह ग्वालिनी अदृश्य रूप में चैतन्य शक्तिया है, श्री जगदम्बा सीता की और श्रीराधा की। दीपावली पर हर ग्वाला मिटटी की गढी हुई इस ग्वालिनी राधा को लक्ष्मी के स्वरूप में पूजता है। दिन बीते, बरस बीते और युग बीते पर आज भी ये ग्वालिनी राधा विरथ राम की राह को प्रशस्त करने तथा सारथी कृष्ण को आश्वस्त कर महामिलन की साक्षी बनने के लिये बार बार मिटटी में मिलने के लिये माटी से गढ़ी जाती है और बार बार रांधी जाने वाली मिटटी से स्वरूप लेकर अपने तन पर दीये रखकर जलते हुये अनंत अंधकार को अपने प्रकाश से तिरोहित करती है।

## कुमार आयलानी को भाजपा का टिकट मिलने पर कार्यकताओं में उत्साह



**उल्हासनगर (उत्तरशक्ति)।** शहर के विधायक कुमार आयलानी पर एक बार फिर से भारतीय जनता पार्टी ने भरोसा रखा है और उन्हें उल्हासनगर 141 विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया गया है। उत्कृष्ट समाजसेवी और उल्हासनगर शहर में विकास का परचम लहराने के कारण कुमार आयलानी को टिकट मिला है वहीं सर्वसामान्य जनता के लिए हमेशा उपलब्ध रहने के कारण वह शहर की जनता में लोकप्रिय हैं। ऐसा माना जा रहा है कि उनकी शहर में जीत पक्की है क्योंकि विकास के तमाम कार्य शहर में उनके द्वारा किए गए हैं। पार्टी द्वारा टिकट दिए जाने पर कार्यकताओं ने कुमार आयलानी को मिठाई खिलाकर, पटाखे फोड़कर तथा नाच कर जश्न मनाया। कुमार आयलानी को एक बार फिर से शहर का विधायक बनाने के लिए पार्टी के पदाधिकारी तथा कार्यकताओं ने कमर कस ली है।

## चुनावी अचार संहिता के बावजूद चेंबूर की बीयर शॉपी में बिक रही है विदेशी शराब

**मुंबई।** एक तरफ संपूर्ण राज्य में चुनावी अचार संहिता लगी हुई है वहीं दूसरी तरफ चेंबूर की विभिन्न बीयर शॉपी में बिना अनुमति के विदेशी शराब बेची जा रही हैं। खास बात यह है कि अनेक बार इन बीयर शॉपी में स्कूल कॉलेज के बच्चों को बीयर खरीदते हुए देखा जा सकता है। उसके बाद भी राज्य उत्पादन शुल्क विभाग हाथ पर हाथ धरे हुए बैठा है। अनेक नागरिकों की शिकायत है कि आचार संहिता लागू होने के बाद भी अनेक बीयर शॉप से ग्राहकों तक विदेशी शराब ऑनलाइन पहुंचाई जा रही है. सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार चेंबूर के मैत्रीपार्क, घाटला गांव, खारदेवनगर के मुक्तिनगर में बीयरशॉपी की दुकानें हैं और इन दुकानों से खुलेआम विदेशी शराब बेची जा रही है। नियमानुसार ग्राहकों को परमिट की जांच करने के बाद ही शराब परोसी जाती है, लेकिन इन बीयर शॉप के प्रतिष्ठान धारक बगैर सत्यापन किये ही बिना लाइसेंस के शराब बेच रहे हैं। दिलचस्प बात यह है कि ग्राहक दुकान के बाहर खुलेआम शराब पी रहे हैं। इसका खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ रहा है। इन प्रतिष्ठानों के मालिक ग्राहकों को ये सुविधाएं दे रहे हैं। जबकि ऑनलाइन शराब की होम डिलीवरी देने की कोई अनुमति नहीं है। इस तरह उक्त प्रतिष्ठान के मालिकों से सरकार को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है।जे विभाग के निरीक्षक से इसकी जांच किए जाने की मांग स्थानीय नागरिकों द्वारा की गई है।

## सफाई कर्मचारियों के लिए अलग से पॉलिसी बनाई जाए: गोविंद भाई परमार

**मुंबई।** सफाई कामगारों के लिए अलग से पॉलिसी बनाने की मांग अखिल भारतीय सफाई मजदूर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष गोविंद भाई परमार ने की है। महाराष्ट्र के सामाजिक न्याय विभाग को लिखे एक पत्र में गोविंद भाई परमार ने बताया कि आज भी बड़ी संख्या में सफाई कामगार जाति प्रमाणपत्र से वंचित हैं। जाति प्रमाणपत्र न मिलने से सफाई कामगारों के बच्चों का मेडिकल, इंजीनियरिंग और उच्च शिक्षा में प्रवेश नहीं मिल पा रहा है। परमार ने बताया कि 1956 में सफाई कामगार विभाग मुंबई में अस्तित्व में आया। किंतु सफाई कामगारों द्वारा जब भी जाती प्रमाणपत्र की मांग की जाती है उनसे 1950 का मुंबई के अधिवास प्रमाणपत्र देने की मांग की जाती है। इस कारण सफाई कामगारों को जाति प्रमाणपत्र नहीं मिल पा रहा है। परमार ने गत दिनों मनपा आयुक्त भूषण गगरानी की ओर से सफाई कर्मचारियों के साथ संवाद स्थापित करने और उनकी समस्याएं सुनने पर आयुक्त के इस कदम का स्वागत किया। लेकिन परमार ने यह भी बताया कि आयुक्त ने सिर्फ कनिष्ठ आवेक्षक, मुकादम से संवाद स्थापित किया जबकि अनुभवी सफाई कामगार और सड़कों पर झाड़ू मारने वाले असली सफाई कामगार आयुक्त के इस संवाद में शामिल न हो सके जो कि दुर्भाग्यपूर्ण है। परमार ने लाड पागे समिति की सिफारिश को जल्द से जल्द लागू करने की मांग की है।

## इस छठ पूजा अपनी परम्परा पर गर्व का अहसास कीजिए, सोनाटा की रीजनल एडीशन घड़ियों के साथ

**मुंबई/पटना।** इस छठ पूजा, सोनाटा की शानदार रीजनल एडीशन घड़ियों के साथ मनाएं परम्परा का जश्न, जहां परम्परा और आज के नए दौर का मिलन होता है। स्लीक ब्लैक लैदर स्ट्रैप, रेएडन्ट सिल्वर डायल और शैपेंन कलर्स में बनी ये घड़ियां क्षेत्रीय भाषा में छपे अंकों के साथ सबसे अलग और सबसे खास दिखती हैं। इनके अंकों को बड़ी ही खूबसूरती से देवनागरी लिपी में डिस्प्ले किया गया है, जो हर घड़ी को विशेष लुक देकर भारत की भाषा का जश्न मनाता है। परिवार में पूजा से लेकर भव्य जश्न तक हर त्योहार के लिए परफेक्ट ये घड़ियां पारम्परिक एवं आधुनिक परिधानों के साथ बेहद खूबसूरत लगती हैं, ऐसे में ये सीजन के लिए बेहतरीन एक्सेसरी हैं। तो इस छठ पूजा अपनी कलाई के जरिए त्योहारों की खुशियों को अभिव्यक्त करें और सोनाटा के साथ स्टाइल में त्योहारों का जश्न मनाएं।

## तनिष्क की सबसे बढ़िया ऑफर के साथ मनाइए सबसे शानदार त्यौहार

**मुंबई/पटना।** भारत का सबसे बड़ा ज्वेलरी रिटेल ब्रांड और टाटा समूह का एक सदस्य, तनिष्क ने त्योहारों की खुशियों को सुनहरा बनाने के लिए आकर्षक ऑफर्स की घोषणा की है। त्योहारों के दौरान उल्लास और उमंग के साथ, उपभोक्ता अपने पुराने सोने के मूल्य को अधिकतम करने के तरीके ढूंढ रहे हैं। फेस्टिवल ऑफ एक्सचेंज में, उपभोक्ता किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए पुराने सोने को 100% मूल्य पर एक्सचेंज कर-के, कुछ भी एडिशनल पेमेंट किए बिना नया आभूषण घर ला सकते हैं। अपने उपभोक्ताओं को यह एक्सचेंज ऑफर देकर तनिष्क ने उन्हें दूसरे किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए, पुराने सोने का सर्वोत्तम मूल्य पाने में सक्षम बनाया है। सोने के आभूषणों की खरीदारी पर प्रति ग्राम 101 रुपयों* की छूट और सोने के आभूषणों के मेकिंग चार्जेस और डायमंड ज्वेलरी के मूल्य पर 20%* तक की छूट का लाभ उठाकर इस फेस्टिव सीजन के लिए लाए गए 2000 से ज्यादा नए, अनोखे डिजाइन्स में से अपनी मनचाही खरीदारी कर सकते हैं। त्योहारों को धूमधाम से मनाया जाना चाहिए। तनिष्क के फेस्टिवल ऑफ एक्सचेंज में उपभोक्ता घर ला सकते हैं शानदार नव-रानी आभूषण और वो भी कुछ भी एडिशनल पेमेंट किए बिना, क्योंकि दूसरे किसी भी ज्वेलर से खरीदे गए पुराने सोने को एक्सचेंज करने पर तनिष्क में आपको मिल रहा है 100% मूल्य! तनिष्क के इस आकर्षक ऑफर का लाभ उठाकर आप अपने आभूषणों के कलेक्शन में शाही खूबसूरती जोड़ सकती हैं।

# मोबाइल फोन चोरी के संदेह में पीट पीट कर युवक की हत्या करने वाले चढे पुलिस के हत्थे

आचार्य सूरजपाल यादव

**भिवंडी (उत्तरशक्ति)।** शांतिनगर पुलिस ने हत्या के मामले को सुल्झाते हुए आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल कर आरोपियों को सलाखों के पीछे डाल दिया । बतादें कि शांतिनगर पुलिस थाने क्षेत्र के गोविन्द नगर स्थित पाइपलाइन राहुल होटल के पास बन रहे सीमेंट रोड पर एक अज्ञात युवक की लाश मिली । पुलिस हवलदार शांताराम चौरे की फिर्याद पर मामला दर्ज किया गया । शव को उपजिला अस्पताल पोस्ट मार्टम के लिये भेजकर मृतक की शिनाख्त के लिए पुलिस को कामयाबी मिली । मृतक का नाम



मोहम्मद शाह आलम (20) जो पश्चिम बंगाल कलकत्ता निवासी था । शांतिनगर पुलिस अपने वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में तांत्रिक यंत्रणा व मुखबिर द्वारा दी गयी जानकारी पर आरोपियों का पकड़ने में सफल हुयी । पकडे गये आरोपियों में अरमान अंसारी उसके 6 साथियों को गिरफ्तार किया गया वहीं कुछ अरोपियों की तलाश में शांतिनगर पुलिस उत्तर प्रदेश व बिहार गयी है जबकि अब तक कुल 7 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार कर चुकी है। जांच से पता चला कि उक्त हत्या मोबाइल चोरी के संदेह में लकड़ी और डंडों से पीट पीट कर हुयी है । उक्त कार्यवाई ठाणे पुलिस आयुक्त आशुतोष डुंबरे, सह पुलिस आयुक्त डा. ज्ञानेश्वर चव्हाण, अपर पुलिस आयुक्त विनायक देशमुख, पुलिस उपायुक्त डा. मोहन दहिकर, सहायक पुलिस आयुक्त सचिन सांगले आदि वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में शांतिनगर पुलिस ठाणे के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विनायक गायकवाड़, पुलिस निरीक्षक (प्रशासन)विनोद पाटिल, पुलिस निरीक्षक अतुल अडुरकर के नेतृत्व में सहायक पुलिस निरीक्षक सुरेश चोपडे, सजेर्राव पाटिल, पुलिस हवलदार रिजवान सैय्यद, कालूराम शिरोसे, संतोष पवार, पुलिस सिपाही दीपक सानप, प्रशांत बर्वे, मनोज मुके, रोशन जाधव, रविन्द्र पाटिल आदि के अथक प्रयास से सफलता मिली है ।

## प्रताप सरनाईक ने किया नामांकन



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** थाने से भायंदर तक फैले ओला माजीवाड़ा विधानसभा क्षेत्र से माजी विधायक प्रताप सरनाईक ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे सांसद, नरेश म्हस्के, विधायक संजय केलकर, विधायक निरंजन डावखरे, पूर्व सांसद आनंद परान्जपे, युवा सेवा के राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष पुर्वेश के साथ प्रताप सरनाईक ने अपना नामांकन दाखिल किया।

हजारों के विशाल जन समूह के साथ माजी विधायक प्रताप सरनाईक ने लोगों का आशीर्वाद एवं शुभकामना लेते हुए अपना चुनावी रैली की।

## मीरा भायंदर विधानसभा क्षेत्र से हंशू कुमार पांडे ने किया नामांकन



**मीरा भायंदर (उत्तरशक्ति)।** मीरा भायंदर 145 विधानसभा क्षेत्र से पूर्व घट नेता एवं नगर सेवक रहे हंसू कुमार पांडे ने निर्दलीय नामांकन किया! सामाजिक एवं राष्ट्रीय क्षेत्र में पिछले 20 वर्षों से सक्रिय हंशू कुमार पांडे के मानने वाले का 145 मीरा भायंदर क्षेत्र में बड़ा वर्ग है! सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में हंशू कुमार पांडे की उपस्थिति सदैव देखने को मिलती है! भायंदर स्टील एसोसिएशन वाइस चेयरमैन हंसू कुमार पांडे सभी समाज एवं जाति धर्म के लोगों का पूरा आदर करते हैं। अपने हजारों समर्थकों के साथ जेसल पार्क स्थित अपने कार्यालय से अपर तहसीलदार कार्यालय भायंदर पश्चिम पहुंच कर हंसू कुमार पांडे ने अपना नामांकन दाखिल किया।

विकास कार्यों की बात करने वाले विश्वास से लबरेज हंशू कुमार पांडे ने कहा कि मीरा भायंदर की जनता स्वच्छ छवि के व्यक्ति का चुनाव इस विधानसभा चुनाव में करेगी, भ्रष्टाचारियों ने जिस तरह से शहर के लोगों को मूलभूत सुविधाओं से दूर रखा है, उन्हें शहर की जनता करारा जवाब देगी, बदलाव होना निश्चित है।

# जिन्होंने अपने स्वार्थ के लिए विनाशकारी प्रवृत्ति को अपनाया, उन्हें उनकी असली जगह दिखाओ:रवींद्र चव्हाण

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** भाजपा का हर एक कार्यकर्ता स्वतंत्रता वीर सावरकर का सम्मान करता है, लेकिन भाजपा परिवार को छोड़कर जानेवाले बागी स्वतंत्रता वीर सावरकर जी का अपमान करने वालों के साथ जा रहे है। 'पहले राष्ट्र, फिर पार्टी अंत में स्वयं' यही हमारी भूमिका है। लेकिन जो साथी पार्टी छोड़ रहे हैं उनकी भूमिका 'पहले स्वयं' यही रही है, यह एक स्वार्थी निति है, इसलिए इन पार्टी छोड़ने वालों को उनकी जगह दिखाओ! महायुति गठबंधन के बागियों की आलोचना करते हुए रविंद्र चव्हाण ने भाजपा कार्यकताओं से अपील की है। ये बयान इसलिए बेहद अहम है क्योंकि भाजपा के प्रचार प्रमुख की



जिम्मेदारी रविंद्र चव्हाण को सौंपी गई है।

रत्नागिरी विधानसभा क्षेत्र में महायुति के उम्मीदवार उदय सामंत का नामांकन फॉर्म शुक्रवार को दाखिल किया गया। इससे पहले रविंद्र चव्हाण ने रत्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र में भाजपा कार्यकताओं के साथ बातचीत के दौरान यह बयान दिया है। इस मौके पर उन्होंने कार्यकताओं को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के पुणे में दिए गए बयान की भी याद दिलाई.

रविंद्र चव्हाण ने कहा की, जैसा की अमित शहा जी ने कहा था, भाजपा महायुति गठबंधन में बड़ा भाई है। इसलिए इस चुनाव में भी हमें बड़े भाई की भूमिका निभानी है। महायुति का प्रतिनिधित्व करके चुनाव लड़ते समय जुबान पर एक बात और जहन में दूसरी बात, ऐसा कर के नहीं चलेगा। रत्नागिरी निर्वाचन क्षेत्र में महायुति के सभी कार्यकताओं के बीच समन्वय होना चाहिए। इसी समन्वय के कारण रत्नागिरी-सिंधुदुर्ग लोकसभा क्षेत्र में नारायण राणे की शानदार जीत हुई। महायुति के तौर पर हमें उसे दोहराना है।' बता दें कि रत्नागिरी जिले में भाजपा को एक भी सीट नहीं मिली, फिर भी भाजपा कार्यकर्ता महायुति के साथ था, ये अभिमान से कहना आना चाहिए। उसके लिए 20 नवम्बर तक दिन रात एक कर के काम करे। महायुति का हर उम्मीदवार जीते और मुख्यमंत्री महायुति का ही बने, यही हमारा लक्ष्य होना चाहिए, ऐसी अपील रविंद्र चव्हाण जी ने रत्नागिरी जिले के भाजपा कार्यकताओं से की।

रवींद्र चव्हाण ने पूर्व विधायक बाळ माने की जम के खबर ली। पार्टी ने उन्हें संगठनात्मक स्तर पर कई पद दिए। लोक निर्माण मंत्री के रूप में काम करते समय हमेशा उन्हें प्रोत्साहन दिया, समर्थन दिया।

## आदर्श प्रधानाध्यापक रामकृपाल यादव का सेवा सम्पूर्ति सम्मान समारोह संपन्न

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** बृहन्मुंबई महानगरपालिका शिक्षण विभाग द्वारा संचालित तरे मार्ग मनपा हिंदी शाला क्रमांक 2, दहिसर पश्चिम के आदर्श प्रधानाध्यापक रामकृपाल रामसमुझ यादव के सेवा सम्पूर्ति सम्मान समारोह का आज भव्य आयोजन किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रशासकीय अधिकारी मीनाक्षी निषाद ने किया। पूर्व अधीक्षक यशवंत सिंह, प्रशासकीय अधिकारी पंकज पिंपले तथा प्रशासकीय अधिकारी शोभा वडियार प्रमुख अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों के रूप में वरिष्ठ पत्रकार शिवपूजन पांडे, विभाग निरीक्षक दुर्गा प्रसाद मिश्र, पूर्व विभाग निरीक्षक रामराज पाल, योग गुरु शीतला प्रसाद यादव, शिक्षक सभा



के महासचिव शरद कुमार सिंह तथा इमारत प्रभारी निरंजना छोवाला उपस्थित रहे। प्रमुख वक्ताओं के रूप में ब्रह्मदेव मिश्र, अवधेश कुमार सिंह, रमाशंकर यादव, राम अकबाल यादव ने अपने विचार रखे। मानपत्र का वाचन जयप्रकाश सिंह ने किया । संगीत शिक्षक सुनील नाटेकर ने सरस्वती वंदना और स्वागत गीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का सुंदर संचालन महापौर पुरस्कृत ईश्वरदेव पाल ने किया तथा वरिष्ठ शिक्षक प्रकाश गैरोला ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में तरे मार्ग हिंदी स्कूल के मुख्याध्यापक कृष्ण कुमार यादव, गणेश जोमदे, दिनेश यादव, चंद्रशेखर नाईक, स्वाती चिकणे, संगीता गोस्वामी, इंद्रसेन सिंह, प्रांजल वडे एवं मीना का विशेष योगदान रहा।

## उमेश गोवारी ने समर्थकों के साथ शिवसेना शिंदे गुट में किया प्रवेश

**पालघर(उत्तरशक्ति/अजीत सिंह)।** महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव 2024 जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है, वैसे-वैसे राजनेता भी अपनी-अपनी ताकत का एहसास करा रहे हैं। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के तहसील प्रमुख उमेश गोवारी, जिन्होंने पिछले कई वर्षों से पालघर विधानसभा और ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और राजनीतिक कार्यों से अपनी छाप छोड़ी है, जिन्होंने 2019 में पालघर विधानसभा चुनाव लड़ा और पंद्रह हजार से अधिक वोट प्राप्त किये, उन्होंने शिवसेना प्रमुख नेता व महाराष्ट्र के जनोन्मुख मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और शिवसेना सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना में प्रवेश किया। इस मौके पर शिवसेना शिंदे गुट पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे ने



कहा कि उमेश एक आंदोलनकारी और बहादुर युवा कार्यकर्ता हैं। शिवसेना शिंदे गुट में उनके शामिल होने से निश्चित रूप से पार्टी को मजबूती मिलेगी तथा साथ ही साथ उन युवाओं को भी ताकत मिलेगी जो कासा और ग्रामीण क्षेत्रों में उनके साथ हैं। शिवसेना जिला प्रमुख कुंदन संखे ने उमेश गोवारी को सामाजिक एवं नई राजनीतिक पारी के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर शिवसेना शिंदे गुट पालघर जिला प्रमुख कुंदन संखे, शिवसेना नेता केदार काले के अलावा बड़ी संख्या में उमेश गोवारी के समर्थक मौजूद रहे।

## शिक्षा संवाद ने भारत की सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए एक राष्ट्रीय अभियान की शुरूआत की

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** इस शुक्रवार मुंबई में, शिबुलाल फैमिली फिलैंथ्रॉपी इनिशिएटिव द्वारा आयोजित 'शिक्षा संवाद' में शिक्षाग्रह के महत्व को उजागर किया। यह एक जन आंदोलन है जो भारत के सार्वजनिक स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए समर्पित है। इस शिक्षा समानता पर एक सामूहिक चर्चा ने समाजसेवी संगठन, फिलैंथ्रॉपिस्ट, उद्योग, शिक्षा नेताओं और सामुदायिक अधिवक्ताओं को एकत्रित किया, जिन्होंने भारत के सार्वजनिक शिक्षा प्रणाली में सुधार के लिए एक ऐतिहासिक संवाद को शुरूआत की, जो देशभर में 140 मिलियन छात्रों के लिए शिक्षा प्रणाली को बेहतर बनाएगा। शिक्षाग्रह को एक्सिस बैंक, एलएंडटी टेक्नोलॉजी सर्विसेज, केयरिंग फ्रेंड्स, रोटरी क्लब ऑफ क्वीन के नेकलेस मुंबई और अमेजन वेब सर्विसेज का समर्थन प्राप्त है।

शिक्षाग्रह केवल एक आंदोलन नहीं है; यह भारत के सार्वजनिक शिक्षा में प्रणालीगत परिवर्तन का एक नीति है। हम एक महत्वपूर्ण मोड़ पर हैं, जहां विभिन्न हितधारकों की सामूहिक इच्छा–सरकार, समाज, बाजार, और संचार क्षेत्रों में–14 करोड़ बच्चों के भविष्य को नए सिरे से परिभाषित कर सकती है। यह आंदोलन आधारित ज्ञान और सिद्ध समाधानों के आधार पर समस्या समाधान पर ध्यान केंद्रित करेगा, ताकि निरंतर स्कूल सुधार की दिशा



में कदम बढ़ाए जा सकें। अंततः, यह आंदोलन व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वायत्तता को पुनर्स्थापित करने पर ध्यान केंद्रित करेगा, ताकि बाधाओं को समाप्त कर एक ऐसा शिक्षा तंत्र तैयार किया जा सके जो हर बच्चे को तेजी से बदलते विश्व में सफल होने के लिए आवश्यक उपकरण प्रदान करे₹ – एस डी शिबुलाल, पूर्व उएड और इंफोसिस के सह-संस्थापक तथा शिबुलाल फैमिली फिलैंथ्रॉपी इनिशिएटिव के स्थायी ट्रस्टी।

2030 तक भारत के सभी दस लाख सार्वजनिक स्कूलों में सुधार करने के लक्ष्य के साथ, शिक्षाग्रह सभी हितधारकों–सरकारी निकायों, शिक्षकों, समाजसेवी संगठन, उद्योग, मीडिया और समुदायों–को एक शक्तिशाली गठबंधन में एकजुट करता है।

यह देशभर में सार्वजनिक स्कूलों के समक्ष मौजूद पुरानी चुनौतियों का समाधान करता है। इसका उद्देश्य एक ऐसा पारिस्थितिकी तंत्र बनाना है जहां हर बच्चा, चाहे उसकी पृष्ठभूमि, लिंग या क्षमताएं कैसी भी हों, गुणवत्ता वाली शिक्षा प्राप्त कर सके और अपने संभावनाओं को पूरा कर सके। – खुशबू अवस्थी, सह-संस्थापक और उडड - शिक्षालोकम, जो शिक्षाग्रह की सह-निमार्ता हैं।

शिक्षा संवाद में दर्शकों ने सार्वजनिक शिक्षा के पुनर्गठन पर गतिशील चचाओं में भाग लिया। इसके अतिरिक्त, सुमित्रा पांडे, भारत इंपैक्ट शेरपस के सह-संस्थापक और भागीदार ने डॉ. संतोष मैथ्यू, बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन के सलाहकार-शिक्षालोकम और उर्मिला कुमारी, ज्योति महिला समाख्या, मुजफ्फरपुर, बिहार की सह-संस्थापक के साथ एक चर्चा का संचालन किया।

इस सत्र ने आंदोलन के सिद्धांतों की स्थापना और संरक्षण, संघर्षों का समाधान और यह सुनिश्चित करने पर ध्यान केंद्रित किया कि सभी प्रतिभागी इन मूल्यों को आत्मसात करें। इसने इन सिद्धांतों को प्रभावी क्रियान्वयन में बदलने के लिए व्यावहारिक दृष्टिकोण भी प्रदान किया।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* संरक्षकः सुरेश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
* प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालयः
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक) नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
कार्यालयः मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37







स्वामी- शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति द्वारा एस.आर. पब्लिकेशन मोहन अर्जुन कम्पाउंड गोडाउन नं.-08,09,10 नियर घर्टनपाड़ा वैशाली नगर लास्ट बस स्टाफ दहिसर (ई.) मुंबई 400068 से मुद्रित एवं 103, प्रथम फ्लोर बी विंग एयरपोर्ट ब्यू सी.एच.एस. लि. वीर मकरन्द घानेकर मार्ग आजाद रोड फायर विग्रेड विले पारले (ई.) जिला मुंबई (महाराष्ट्र) से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 *संपादक- ओमप्रकाश रविन्द्रनाथ प्रजापति, इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदायी तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
पत्राचार कार्यालयः नियर जॉनसन हाऊस, शाप नंबर - 21, उन्नति सी.एच.एस. सेनापति बापट मार्ग, माहिम (वेस्ट) मुंबई-400016 * मो.- 9554493941 email ID- uttarshaktinews@gmail.com,

# महराजगंज पुलिस ने 43 बोरी डीएपी व पिकअप गाड़ी के साथ एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना महराजगंज पुलिस ने 43 बोरी डीएपी सरकारी खाद व पिकअप गाड़ी के साथ एक अभियुक्त



गिरफ्तार–पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपु, डॉ0 अजय पाल शर्मा द्वारा चलाये जा रहे अपराध एवं अपराधियों के आपराधिक कार्य की रोकथाम, गिरफ्तारी, बरामदगी के अभियान के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल पर्यवेक्षण के क्रम में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक बदलापुर के कुशल निर्देशन मे दिनांक 25.10.2024 को रात्रि में थानाध्यक्ष महाराजगंज श्री ओंमप्रकाश पांडेय को सूचना मिली कि गद्दोपुर सोसाइटी पर सरकारी खाद को सचिव के माध्यम से प्राइवेट गाड़ी पर लदवा कर बिक्री के लिए कहीं भेजा जा रहा है । सूचना पर विश्वास करके थानाध्यक्ष हमराहियों के साथ मौके पर पहुंचे मौके पर पिकअप नंबर वढ 72 अळ 8801 पर चालक कमलेश कुमार निवासी ग्राम सवंसा थाना महाराजगंज जिला जौनपुर 43 बोरी डीएपी खाद के साथ पाया गया । पूछताछ के दौरान कोई कागजात नहीं दिखा सका थानाध्यक्ष महाराजगंज द्वारा वाहन तथा डीएपी खाद को सीज कर जिला उप जिलाधिकारी बदलापुर तथा जिला कृषि अधिकारी जौनपुर को सूचना दिया गया। जांच से अपराध प्रमाणित होने पर श्रीमान जिलाधिकारी महोदय के अनुमोदन पर थाना महाराजगंज में मु0अ0सं0 171/2024 धारा 3/7 ई.सी.एक्ट का अभियोग पंजीकृत होकर अग्रिम कार्यवाही की जा रही है थानाध्यक्ष के इस कार्य से पुलिस की छवि निखरी है किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गई है अपराधियों में भय व्याप्त हुआ है थानाध्यक्ष की खूब प्रशंसा हो रही है । बरामदगी का विवरणः 1. एक पिकअप वढ 72 अळ 8801 मय 43 बोरी डीएपी सरकारी खाद कीमती लगभग 50000 बताई जा रही है।

# गुमशुदा बालिका को महराजगंज पुलिस ने सकुशल किया बरामद

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना महराजगंज पुलिस ने गुमशुदा बालिका को सकुशल किया बरामद। पुलिस अधीक्षक जनपद जौनपुर द्वारा



चलाये जा रहे अभियान महिला सशक्तिकरण के तहत महिलाओं तथा बच्चों एवं बालिकाओं के संरक्षण के दृष्टिगत पुलिस अधीक्षक ग्रामीण के कुशल पर्यवेक्षण के क्रम में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक बदलापुर के कुशल निर्देशन मे त्वरित कार्यवाही करते हुए थाना महराजगंज पुलिस निरंतर प्रयास कर ग्राम उमरी कला से दिनांक 24.10.2024 को घर से मोबाईल देखने की बात को लेकर माँ द्वारा डाटने पर क्षुब्ध होकर कु0 दीक्षा शर्मा के घर से जाने के सम्बन्ध में थाना महराजगंज पर थानाध्यक्ष श्री ओमप्रकाश पाण्डेय द्वारा विधिवत लिखा पढी कर बालिका कु0 दीक्षा शर्मा को 24 घण्टे के अन्दर वाराणसी कैण्ट से सकुशल बरामद कर गुमशुदा की माँ को सुपुर्द किया गया । जिससे परिवार में खुशी की लहर फैल गयी तथा जनता में पुलिस की छवि निखरी है एंव जनता द्वारा प्रशंसा की जा रही है।

# अंतरराष्ट्रीय यूरोप एशिया चैंपियनशिप में वैष्णवी ने जीता कांस्य पदक

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। एशियाई देश येरीवन आर्मेनिया में 16 से 23 अक्टूबर तक कूड़ो की अंतरराष्ट्रीय यूरोप एशिया चैंपियनशिप प्रतियोगिता हुई। भारतीय दल को वैष्णवी सिंह असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। जापान व रसिया के खिलाड़ियों को शिकस्त दी। भारत के हेड कोच एवं कूड़ो एशिया के महासचिव हान्शी मेहूल वोरा के नेतृत्व में भारतीय दल अर्मेनिया गया था। अंतरराष्ट्रीय कूड़ो जगत में वैष्णवी ने भारत के लिए मेडल लाकर अपने राज्य उत्तर प्रदेश व जिला जौनपुर का नाम रोशन किया।कूड़ो एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मो. एजाज खान व सेक्रेटरी विजय कसेरा के निर्देशन में कु. वैष्णवी कुडो का प्रशिक्षण ले रही है। उल्लेखनीय है कि कूड़ो मार्शल आर्ट को राष्ट्रीय खेल के रूप में भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है। वैष्णवी जौनपुर जिले की नाहरमऊ टिकरा गांव की निवासी है। इस मेडल का श्रेय को अपने कोच मोहम्मद एजाज खान व विजय कसेरा एवं अपने पिता संजय सिंह को देती हैं। वैष्णवी सेकंडडेन ब्लैक बेल्ट है। 5 इंटरनेशनल एवं पिछले 10 साल से नेशनल चैंपियन है। वैष्णवी की शानदार जीत पर राष्ट्रीय कूड़ो संघ के चेयरमैन एवं बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार, फिल्म जगत के जॉन अब्राहम, भारत के हेड कोच हान्शी मेहूल वोरा ने एवं कई खेल व फिल्म जगत की हस्तियों ने वैष्णवी को एवं भारतीय दल को शुभकानाएं दी।




# जब भी जौनपुर के कार्यकताओं को जरूरत होगी आधी रात में भी उनके लिए उपलब्ध रहूँगा: ए के शर्मा

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। भाजपा के सीहीपुर स्थित कार्यालय पर जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह के अध्यक्षता मे एक परिचयात्मक बैठक आयोजित की गई। जिसके मुख्य अतिथि के रूप मे ऊर्जा मंत्री उत्तर प्रदेश सरकार एव जिला प्रभारी मंत्री ए के शर्मा एव विशिष्ट अतिथि जिला प्रभारी अशोक चौरसिया रहे। सर्वप्रथम पार्टी के पुरोधा डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की सुभारम्भ की गई। तत्पश्चात सभी कार्यकताओं के द्वारा बंदे मातरम का गीत गाया गया। मुख्य अतिथि ए के शर्मा ने कहा कि विपक्षी पार्टियां परिवारवादी पार्टियां हैं, भाजपा एक ऐसी पार्टी है जो कार्यकर्ता की पार्टी है। भाजपा में कार्यकर्ता ही सर्वोपरि है। जब भी आपको जरूरत होगी आधी रात मे भी जौनपुर के कार्यकर्ताओ के लिए उपलब्ध रहुगा, अयोध्या में राम, नौजवानों को काम, किसानों को सही दाम, महिलाओं का सम्मान यही हमारा मूल मंत्र है। हमारी पार्टी राष्ट्र सर्वोपरि के लिए कार्य करती है, बाकी पार्टियां वोट बैंक की राजनीति करते हैं। आज पीएम मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत मजबूती के साथ खड़ा है। भारत को विकसित बनाने के लिए मोदी लगातार कार्य कर रहे हैं। उन्होंने लोगों से आवाहन किया भारत माता अखंड बने। राष्ट्र मजबूत हो, भारत विकसित बने, लक्ष्मी जी हमेशा कमल के फूल पर बैठकर आती है कभी भी पंजा और साइकिल पर बैठकर नहीं आती। इसलिए आप लोग मोदी और भाजपा के साथ मजबूती से खड़े रहे। विपक्ष देश में बांग्लादेश जैसे हालात बनाने की घोषणा कर रहा हैं जम्मू–कश्मीर विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के घोषणा पत्र को देखकर उनकी सोच का अंदाजा लगाया जा सकता है।कश्मीर में फिर से पुरानी व्यवस्था बहाल करने की घोषणा करने वाली राजनीतिक पार्टी के नेता देश का भला कभी नहीं कर सकते है। उन्होने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे कमजोर मन से नहीं बल्कि मजबूत मन के साथ संगठन के कार्य में जुटे, क्योंकि बीजेपी की ताकत उसके कार्यकर्ता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में चलने वाली सरकार की प्राथमिकता है उत्तर प्रदेश में बेहतर–कानून का राज कायम करने की हमारी सरकार ऐसे तत्वों पर जो गैरकानूनी काम करते हैं। अराजकता करते हैं, जिनकी समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्तता पाई जाती है, कठोर कार्रवाई कर रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप मे जिला प्रभारी अशोक चौरसिया ने कहा कि देश की लगभग 1,500 छोटी–बड़ी पार्टियों में भाजपा इकलौती पार्टी है। जो संगठन के संविधान के अनुसार चलकर प्रजातांत्रिक मूल्यों को जीते हुए चल रही है। भाजपा ही एकमात्र ऐसा संगठन है, जिसमें हरेक कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का मौका मिलता है। केंद्र सरकार द्वारा किए जा रहे जनहित एवं लोक कल्याणकारी कार्यों की बदौलत आज संगठन विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक संगठन बना है।




# पीयू को मिला 7.13 करोड़ का शोध अनुदान

## ऊर्जा के क्षेत्र में शोध के लिए डीएसटी, भारत सरकार ने जारी किया पत्र विश्वविद्यालय में दिवाली पूर्व खुशी का माहौल

**रियाजुल हक संवाददाता**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)।वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय को भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने प्रतिष्ठित प्रमोशन ऑफ यूनिवर्सिटी रिसर्च एंड साइंटिफिक एक्सीलेंस (DST-PURSE) अनुदान प्रदान किया है। यह अनुदान ऊर्जा के क्षेत्र में शोध के लिए प्रदान किया गया है।इस वर्ष यह अनुदान पाने वाला यह प्रदेश का अकेला विश्वविद्यालय है। इस उपलब्धि से विश्वविद्यालय में दिवाली पूर्व खुशी का माहौल है। यह विश्वविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है जो वैज्ञानिक अनुसंधान को एक नई दिशा देगा। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने इस उपलब्धि को विश्वविद्यालय की प्रतिष्ठा को नई ऊंचाई देने वाला और उत्तर प्रदेश को विज्ञान एवं नवाचार में अग्रणी स्थान पर स्थापित करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल विश्वविद्यालय का डीएसटी परियोजना पर्स के लिए चयन इसकी शैक्षणिक उत्कृष्टता और ज्ञान को बढ़ावा देने की प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है।यह विश्वविद्यालय ही नहीं अपितु पूरे राज्य के लिए गर्व का विषय है।इस अनुसन्धान से सौर ऊर्जा, हाइड्रोजन ऊर्जा, और उन्नत बैटरी प्रौद्योगिकी जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्रों में व्यापक शोध होगा। यह स्थायी ऊर्जा के क्षेत्र में समकालीन चुनौतियों का समाधान करने में सहायक होगा ।उन्होंने कहा कि विगत वर्षों में पूर्वांचल विश्वविद्यालय से पूर्व प्रदेश में स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, बनारस हिंदू विश्वविद्यालय और इलाहाबाद विश्वविद्यालय को यह विशेष सम्मान प्राप्त हुआ है। मार्च 2024 में भारत के लगभग 100 विश्वविद्यालयों ने विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, भारत सरकार को परियोजना प्रस्ताव प्रस्तुत किया था जिसके व्यापक मूल्यांकन के बाद अगस्त 2024 में कुलपति प्रो. वंदना सिंह के नेतृत्व में डॉ. धीरेन्द्र चौधरी, डॉ. काजल डे तथा प्रो. गिरिधर मिश्र को नई दिल्ली स्थित भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान में पर्स परियोजना प्रबंधन बोर्ड के समक्ष इस परियोजना प्रस्ताव की प्रस्तुति के लिए बुलाया गया था। अनुदान की प्राप्ति की सूचना प्राप्त होने पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने परियोजना समन्वयक डॉ. धीरेंद्र के. चौधरी, उप समन्वयक डॉ. काजल डे, परियोजना क्रियान्वयन समिति एवं विश्वविद्यालय के समस्त शिक्षकों को बधाई दिया है। स्वीकृति पत्र प्राप्ति के अवसर पर कुलसचिव महेंद्र कुमार,वित्त अधिकारी संजय कुमार,परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो.मानस पाण्डेय,प्रो. अजय द्विवेदी,प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. राजेश सिंह,प्रो. संदीप सिंह,प्रो. अशोक श्रीवास्तव,प्रो. रजनीश भास्कर,प्रो. प्रमोद यादवा,प्रो. मुराद अली,प्रो. राज कुमार, प्रो. मिथिलेश सिंह,प्रो. रवि प्रकाश,डॉ. विक्रांत भटेजा,डॉ.प्रमोद कुमार, डॉ. संजीव गंगवार,डॉ. सुजीत चौरसिया,डॉ. नीरज अवस्थी,उप कुलसचिव अमृतलाल,बबिता सिंह,अजीत प्रताप सिंह सहित शिक्षक उपस्थित रहे ।



# वाराणसी में गैस लदे टैंकर की चपेट में आने से स्कूटी सवार युवक की मौत, साथी घायल

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। जिले में बड़ागांव थाना क्षेत्र के हरहुआ पुलिस चौकी अंतर्गत रिंग रोड चौराहे पर शनिवार की सुबह हादसा हुआ। गैस लदे टैंकर की चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा युवक घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मृतक का शव कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई में जुटी हुई है। चोलापुर थाना क्षेत्र के बाबतपुर नियार निवासी शुभम चौबे पुत्र असीम चौबे पहाड़िया निवासी अपने दोस्त यीशु सिंह के साथ राजातालाब की तरफ से स्कूटी से हरहुआ की तरफ आ रहा था। सुबह करीब 10बजे वह रिंग रोड चौराहे पर पहुंचा। इसी दौरान पीछे से आ रहे गैस लदे टैंकर ने उसे टक्कर मार दी। घटना को लेकर थानाध्यक्ष बड़ागांव अजय पांडेय द्वारा बताया गया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। मृतक के परिजनों को सूचना दे दिया गया है। कहा कि टैंकर को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में लिया गया है।

# मटरू बिंद के परिवार को मिले इंसाफ और आर्थिक सहायता, दोषियों के विरुद्ध हो कारवाई: लक्ष्मीकांत

**वसीम अहमद संवाददाता**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर जौनपुर के थाना शाहगंज के अंतर्गत ग्राम बड़ौना के मटरू बिंद की पिछले दिनों पुलिस अभिरक्षा में थाने में मौत पर सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल सांसद लक्ष्मीकांत उर्फ पप्पू निषाद के नेतृत्व में जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य, सांसद बाबूसिंह कुशवाहा, पूर्व मंत्री शैलेन्द्र यादव ललई, पूर्व विधायक राजनरायन बिंद, पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष श्यामणरायण बिंद, शाहगंज विधानसभा अध्यक्ष मिथिलेश यादव के साथ मटरू बिंद के परिवार वालों से मिलकर घटना की जानकारी ली। मटरू बिंद की पत्नी निन्हका देवी तथा पुत्री पूजा ने घटना के विषय में बताते हुए न्याय की मांग की। उक्त अवसर पर लक्ष्मीकांत निषाद सांसद संत कबीरनगर ने कहा कि पूरी घटना की जानकारी के बाद मटरू बिंद की पुलिस अभिरक्षा में मौत नहीं हत्या हुई है और इस प्रकरण की सीबीआई जांच कराते हुए दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। पीड़ित परिवार को 25 लाख की आर्थिक सहायता तथा पुत्री को नौकरी की मांग की जाती है। सात सदस्यीय प्रतिनिधि मंडल ने तथा जौनपुर सांसद बाबूसिंह कुशवाहा और पूर्व मंत्री शैलेंद्र यादव ललई ने कहा कि पीड़ित परिवार को इंसाफ दिलाने तक समाजवादी पार्टी हर संभव मदद करेगी घटना की जानकारी से राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को अवगत कराते हुए पार्टी से भी मदद करने का काम करेगी। उक्त अवसर पर वरिष्ठ नेता राजकुमार बिंद, महेंद्र यादव, रमापति यादव,जिला महासचिव आरिफ हबीब, जिला उपाध्यक्ष विक्रमजीत बिंद, ज़िलासचिव गुलाब यादव रीठी, धीरज बिंद, दीनानाथ सिंह, रामानंद निषाद, जीशान खान, जसीम खान, नोमान खान सहित अन्य पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।



# ट्रेन की चपेट में आए युवक की मौत, मचा कोहराम

**रियाजुल हक क्राइम रिपोर्टर**

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। सिकरारा थाना क्षेत्र के ग्राम सीठापुर निवासी कमला यादव का पुत्र रोहित यादव 23 वर्ष बीती शाम 6:00 बजे अपनी दीदी को खाना पहुचाने के लिए जौनपुर के एक निजी चिकित्सालय घर से निकला था की रात 9:00 बजे उसकी लाश सीहीपुर रेलवे क्रॉसिंग थाना लाइन बाजार के पास मिली प्राप्त जानकारी के अनुसार रोहित यादव की दीदी जौनपुर शहर में एक निजी अस्पताल में कई दिनो से भर्ती हैं।बाइक से दीदी को खाना पहुचाने के लिए वह रोज आता जाता था। घरवालों ने बताया है कि किसी का फोन उसके मोबाइल फोन पर आया खाना लेकर वह निकला मगर वह अस्पताल नहीं पहुचा काफी खोजबिन के बाद उसकी कोई सूचना नहीं मिली रात को 9:00 बजे रेलवे पुलिस ने परिवार वालों को सुचना दिया परिवार वाले आरोप लगा रहे हैं। उसकी हत्या की गई है। परिवार वालों ने आरोप लगाया है कि उसके सर पर खाली एक तरफ चोट के निशान हैं जी आर पी ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है।

# सदर कोतवाली से मिला लावारिश शव हुआ दफन

**बख्तियार आलम,** जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। सदर कोतवाली से मिला एक शव दफन करवाया। शव के बारे में पुलिस ने बताया की उक्त शव भंडारी चौकी क्षेत्र में मिला था जिसको तीन दिन रखने के बाद पोस्टमार्टम होने पर पता चला की मुस्लिम समुदाय का है तो कमेटी को सौंप दिया गया। नमाज जनाजा हाफीज अजहर राशिदाबाद ने अदा करवाई शव को बाद नमाज जनाजा पूरे मुस्लिम रीति रिवाज से हजरत हम्जा चिश्ती स्थित कब्रिस्तान पर दक्षिण तरफ दफनवाया गया। कमेटी के उपाध्यक्ष मास्टर मेराज अहमद ने बताया की यह कमेटी द्वारा 142 वी मिट्टी दफन करवाई गई है।अध्यक्ष रियाजुल हक की देखरेख में कमेटी पिछले लॉक डाउन से यह कार्य कर रही है। पुलिस प्रशासन की तरफ से संजय यादव ,हेड कॉन्स्टेबल परमात्मा ,मो अनीस,दीपक यादव कांस्टेबल मौजूद रहे।

# टीडी कॉलेज जौनपुर को मिला (कृषि संकाय) आईसीआर से प्रत्यायन

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) ने तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय को बी.एस–सी.(कृषि) ऑनर्स एवं एम.एस–सी. (कृषि) की उपाधियों का प्रत्यायन प्रदान किया हैं। यह खबर मिलते ही विद्यालय प्रशासन में खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। टीडीपीजी कालेज के प्राचार्य प्रोफेसर डॉ. ओपी सिंह ने एक प्रेसकांफ्रेंस में पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि स्नातक (कृषि) एवं परास्नातक (कृषि) के छात्रों के हित में महाविद्यालय ने कृषि संकाय की उपाधियों के प्रत्यायन के लिए संस्थान की समस्त गतिविधियों की सेल्फ स्टडीज रिपोर्ट को भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) को प्रेषित किया गया था। आईसीएआर की टीम 17 जुलाई 2024 से 19 जुलाई 2024 तक महाविद्यालय के विभिन्न विभागों, कक्षाओं कृषि परक्षेत्र, डेरी आदि का निरीक्षण कर बी.एस–सी.(कृषि)ऑनर्स एवं एम.एस–सी. (कृषि) के शस्य विज्ञान, आनुवंशकी पादप एवं प्रजनन विभाग, कृषि अर्थशास्त्र,कीट विज्ञान,पादप रोग विज्ञान,एवं कृषि प्रसार को पांच( 5 )वर्ष के लिए 25 सितंबर 2029 तक के लिए एक्रीडिटेशन प्रदान किया है। पूरे उत्तर प्रदेश स्नातकोत्तर स्तर तक प्रत्यायन प्राप्त करने वाला पहला महाविद्यालय है।यह महाविद्यालय सहित जनपद के लिए गौरव का विषय है। उक्त प्रत्यायन के पश्चात भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आई.सी.ए.आर.) के अंतर्गत आने वाले देश एवं देश के बाहर स्थित उच्च संस्थानों में छात्रों का प्रवेश हो सकेगा। इसके अतिरिक्त शोध कार्य हेतु छात्रों अध्येतावृत्ति भी प्रदान की जाएगी साथ ही आईसीआई द्वारा महाविद्यालय को संकाय एवं शोध के विकास के लिए फंड भी प्रदान की जाएगी। आईसीएआर प्रत्यायन प्राप्त के लिए महाविद्यालय में एक समिति का गठन किया गया था।जिसके समन्वयक प्रो.मनोज कुमार सिंह कृषि वनस्पति विज्ञान विभाग तथा अध्यक्ष प्रो.ओ पी सिंह थे। इस कार्य में कृषि संकाय संकाय के सभी प्राध्यापकों, कर्मचारियों, छात्र–छात्राओं ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया।समन्वयक प्रो.मनोज कुमार सिंह ने इस उपलब्धि का श्रेय महाविद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष प्रोफेसर श्री प्रकाश सिंह, प्रबंधक श्री राघवेंद्र प्रताप सिंह तथा प्राचार्य प्रो.ओ.पी.सिंह को दिया है। जिनके कुशल मार्गनिर्देशन से यह संभव हो पाया। महाविद्यालय की इस उपलब्धि पर वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ.राहुल सिंह, महामंत्री डॉ.शैलेंद्र सिंह, पूर्व अध्यक्ष एवं मुख्य अनुशास्ता डॉ. विजय सिंह, प्रो.वी.के.त्रिपाठी, प्रो.डी.के. सिंह, प्रो.राम आसरे सिंह, प्रो.एस.के.वर्मा, प्रो.हिमांशु सिंह, नैक प्रभारी प्रो.अमित श्रीवास्तव, आई.क्यू.ए.सी.के निदेशक प्रो. सुदेश कुमार सिंह, रोवर्स रेंजर्स प्रभारी प्रो. श्रद्धा सिंह, मीडिया प्रभारी डॉ. सिद्धार्थ सिंह, चंद्र प्रकाश गिरी ने हर्ष व्यक्त करते हुए कृषि संकाय के सभी प्राध्यापकों एवं छात्र– छात्राओं को बधाई दिया।

# वाराणसी में वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने सुनी जनता की समस्याएं, समस्याओं का किया निवारण

वाराणसी,(उत्तरशक्ति)। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना शनिवार को अपने एक दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचे। सबसे पहले उन्होंने प्रधानमंत्री के संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में पहुंचकर जनसुनवाई कार्यक्रम में हिस्सा लिया। करीब डेढ़ घंटे तक मंत्री ने लोगों की विभिन्न समस्याओं को सुना और उनकी त्वरित समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों से फोन पर चर्चा की, ताकि समस्याओं का जल्द निस्तारण सुनिश्चित किया जा सके। जनसुनवाई के बाद मीडिया से बात करते हुए वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि संसदीय जनसंपर्क कार्यालय में लोग अपनी निजी और सार्वजनिक समस्याओं को लेकर आते हैं। हमारी प्राथमिकता यह है कि उनकी समस्याओं का निष्पक्ष और तार्किक तरीके से समाधान किया जाए।जिससे लोगों को राहत मिल सके। इस दौरान आजमगढ़ से आई डॉक्टर प्रतिमा सिंह ने भी अपनी समस्या को लेकर वित्त मंत्री से संपर्क किया। मंत्री से त्वरित समाधान का आश्वासन मिलने पर वह संतुष्ट नजर आईं और उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मंत्री जी ने न्यायसंगत समाधान का आश्वासन दिया है, जिससे हम बहुत संतुष्ट हैं।








# मड़ियाहूँ पुलिस ने चोरी किये गये 8 यूनिट लाउडस्पीकर के साथ दो अभियुक्तों को किया गिरफ्तार

जौनपुर,(उत्तरशक्ति)। थाना मड़ियाहूँ पुलिस ने चोरी किये गये 8 यूनिट लाउडस्पीकर के साथ दो अभियुक्तो को किया गिरफ्तार– पुलिस अधीक्षक जौनपुर, डा0 अजय पाल शर्मा के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण, शैलेन्द्र कुमार सिंह के कुशल मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी मडियाहूँ,विवेक सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे थानाध्यक्ष अनिल कुमार के नेतृत्व मु0अ0सं0 316/2024 धारा धारा 303(2) बीएनएस थाना मडियाहूं जौनपुर से संबंधित वांछित अभियुक्तगण 1.पवन सरोज उर्फ विशाल पुत्र अच्छेलाल सरोज फड ददरा ढर मड़ियाहू जनपद जौनपुर, 2.सूरज विश्वकर्मा र/ड रामराज विश्वकर्मा निवासी ददरा ढर मड़ियाहू जनपद जौनपुर को आज दिनांक 26.10.2024 को मुखबिर खास कि सूचना पर ददरा बाईपास से गिरफ्तारी एवं बरामदगी कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है। अभियुक्त के आपराधिक इतिहास की जानकारी की जा रही है। घटना का संक्षिप्त विवरण– अज्ञात अभियुक्तों द्वारा दशहरा पर्व के दौरान रामलीला मैदान में लगे 08 यूनिट लाउडस्पीकर चोरी कर लिया गया था।



# शहीद प्रजापति रामचंद्र विद्यार्थी स्मारक को बचाने हेतु पूरे प्रदेश में निकाली जाएगी रथयात्रा




**लखनऊ (उत्तरशक्ति)।** उत्तर प्रदेश के जनपद देवरिया में अंग्रेजों से देश को आजाद करने के लिए मौत को गले लगाने वाले अमर शहीद प्रजापति रामचंद्र विद्यार्थी के नाम से बनाए गए संग्रहालय व स्मारक के स्थान पर प्रशासन द्वारा पर्यावरण कार्यालय बनाए जाने के विरोध में प्रजापति समाज के लोग विगत एक माह से लगातार विरोध प्रदर्शन करते चले आ रहे हैं । इन सब के बाद भी अभी तक प्रशासन व सरकार की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। प्रशासन व सरकार की इस हठ पूर्वक कार्रवाई से दुखी होकर समाज के लोगों ने शहीद सम्मान रथ यात्रा निकलने का निर्णय लिया है। यह रथ यात्रा 5 नवंबर 2024 से शुरू होकर 5 दिसंबर 2024 को समाप्त होगी। इस रथ यात्रा की अगुवाई बृजेश कुमार प्रजापति राष्ट्रीय अध्यक्ष राष्ट्रीय शोषित समाज पार्टी युवा मोर्चा एवं पूर्व विधायक, दिलीप चौधरी राष्ट्रीय महासचिव अखिल भारतीय संत गाडगे महाराज साहब अंबेडकर मिशन एवं देव रावत राष्ट्रीय अध्यक्ष बहुजन आर्मी द्वारा किया जा रहा है।

इस यात्रा की शुरूआत 5 दिसंबर 2024 को देवरिया से शुरू की जाएगी, जो कुशीनगर, महाराजगंज, गोरखपुर होते हुए सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई, सहारनपुर, गाजियाबाद, हापुड़, एटा, कन्नौज, झांसी, फतेहपुर, भदोही, मिजार्पुर, सुल्तानपुर, जौनपुर होते हुए पुनः देवरिया में 5 दिसंबर को समाप्त होगी। इस पूरे एक माह की यात्रा उत्तर प्रदेश के सभी जिले व सभी मुख्य बाजारों से होकर गुजरेगी। इस यात्रा के माध्यम से समाज तथा प्रदेशवासियों को सरकार की नीतियों व शहीद का किया जा रहा अपमान के बारे में जागृत किया जाएगा। बृजेश कुमार प्रजापति ने शहीदों पर आस्था रखने वाले भारत के सभी नागरिकों, समाज सेवियों व राजनीतिक पार्टियों के लोगों से इस यात्रा में सहयोग करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि 5 नवंबर से यह यात्रा शुरू होकर 5 दिसंबर तक सभी जनपदों में संविधान निमार्ता परम पूज्य बाबा साहब अंबेडकर जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। तत्पश्चात स्थित शहीद स्थल पर पुष्पांजलि भी की जाएगी, और वहां उपस्थित जन मानस को संबोधित करते हुए मीडिया के माध्यम से अपनी बात को सरकार तक पहुंचाया जाएगा।

* 5 नवंबर से 5 दिसंबर तक अनवरत जारी रहेगी रथयात्रा
* बृजेश कुमार प्रजापति, दिलीप चौधरी एवं देव रावत करेंगे यात्रा की अगुवाई

## अर्ना स्किन केयर सेन्टर का उद्घाटन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** शुक्रवार को अर्ना स्किन केयर का भव्य उद्घाटन कुर्ला (पश्चिम) मुंबई में शाम 5 बजे किया गया। अर्ना स्किन केयर के मालिक सैय्यद अरमान ने आए हुए सभी अतिथियों तथा मेहमानों को शॉल देकर सत्कार किया। इस मौके पर सुखबिंदर सिंह(लाला भाई), कलीम शाह, मो.शोएब खान, देवदास मुराजन, अब्दुल करीम शेख, अशफाक शेख, नजीर शेख, मंसूर शेख, इब्राहीम शेख, अकील खटीक, शांतिमानो शिंदे, अब्दुल समद सैय्यद समेत अन्य लोग मौजूद रहे। सभी ने उज्जवल भविष्य की कामना की।

## चुनाव से पहले श्री ईच्छापूर्ती बालाजी हनुमान मंदिर का दर्शन करने पहुंचे विधायक क्षितिज ठाकुर



**नालासोपारा (उत्तरशक्ति)।** नालासोपारा पूर्व ओसवाल नगरी रिक्शा स्टैंड स्थित श्री ईच्छापूर्ती बाला जी हनुमान मंदिर का दर्शन करने के लिए विधायक क्षितिज ठाकुर ने अपने सहयोगियों के साथ पहुंचकर श्रद्धा पूर्वक श्री ईच्छापूर्ती बालाजी हनुमान जी का दर्शन किए। विधायक युवा नेता क्षितिज ठाकुर को बहुजन विकास आघाड़ी का कार्य सम्राट व नालासोपारा क्षेत्र के विकास पुरुष कहा जाता है। उन्होंने दर्शन करने के बाद अपने कार्यकर्ताओं के साथ चुनाव पर चर्चा की साथ में मंदिर के व्यवस्थापक पंडित महेंद्र शर्मा बहुजन विकास आघाड़ी के कर्मठ सदस्य एवं समाजसेवी , वरिष्ठ पत्रकार प्रेम चौबे, धिरेंद्र दुबे, रामाधार सिंह, श्रीप्रकाश मिश्र, जटाशंकर तिवारी, नाबालिक मिश्रा, सचिन दुबे, मनोज सिंह, आशुतोष मिश्रा , नागेंद्र यादव, पंडित अनिकेत शर्मा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित थे। बताया जाता है कि पंडित महेंद्र शर्मा उत्तर भारतीय समाज में एक विशिष्ठ स्थान रखते हैं। नालासोपारा में वसई विरार शहर महानगर पालिका के सहकार्य से छोटे से छोटे कार्य को जनता की सुविधा के लिए करते रहते हैं। बिजली की समस्या, पानी की समस्या, गटर की समस्या हो तो लोग इन्हीं के पास आकर अपनी शिकायत दर्ज कराते हैं और समाधान का निदान तुरंत हो जाता है। इसीलिए उत्तर भारतीयों में उनका एक अच्छी पकड़ है। यह जानकारी दैनिक उत्तर शक्ति समाचार पत्रकार राजेश वर्मा ने दी है।

## विवेक विद्यालय में दीपोत्सव मनाया गया



**मुंबई।** शनिवार को विक्रोली पार्कसाइट स्थित विवेक विद्यालय में दीपोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। दीपोत्सव के अवसर पर विद्यालय में मिट्टी के लालटेन बनाने एवं उन्हें सजाने के लिए शिविर का आयोजन किया गया। उन्हें दीवट पर व्यवस्थित किया गया और प्रज्वलित किया गया। साथ ही, पूरे हॉल और क्लास को छात्रों द्वारा बनाए गए आकाश लालटेन से सजाया गया था। शिक्षक ने दिवाली के सभी दिनों का महत्व समझाया। प्रत्येक कक्षा के छात्र प्रतिनिधियों ने सभी को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं। विद्यार्थियों ने सुंदर नृत्य के माध्यम से अपनी कला प्रस्तुत की। विद्यालय के खेल शिक्षक विठ्ठल फड़तरे को आदर्श शिक्षक पुरस्कार मिलने पर फूलों का गुलदस्ता देकर सम्मानित किया गया. उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में विवेक एजुकेशन सोसायटी के सचिव विमल थोरात उपस्थित थे। उन्होंने दिवाली की पौराणिक कथा सुनाई और सुंदर गीत गाए. स्कूल के प्रिंसिपल विवेक थोरात ने दिवाली को पटाखा मुक्त और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाने की अपील की और दिवाली त्योहार के महत्व से भी अवगत कराया और सभी को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए विद्यालय के सभी शिक्षकों एवं छात्र प्रतिनिधियों ने कड़ी मेहनत की।

## महारेरा और एनएआर-इंडिया के माध्यम से रियल एस्टेट एजेंटों के लिए एक गेम चेंजर कदम

मुंबई। महाराष्ट्र का रियल एस्टेट क्षेत्र महारेरा सर्कुलर नं. 63, राज्य भर में रियल एस्टेट एजेंटों के लिए एक परिवर्तनकारी क्षण है। सर्कुलर में एजेंटों के दलाली के आधिकारिक दस्तावेजीकरण को सुनिश्चित करते हुए बिक्री के लिए समझौते के मॉडल फॉर्म और आवंटन पत्र में खंड 15ए को शामिल करने का आदेश दिया गया है। यह कदम पूरे महाराष्ट्र में संपत्ति लेनदेन में पारदर्शिता और जवाबदेही के एक नए युग की शुरूआत करता है। यह परिपत्र महारेरा और एनएआर-इंडिया के पहले एजेंट स्व-नियामक संगठन (एसआरओ) द्वारा 1.5 वर्षों के अथक प्रयासों की परिणति को चिह्नित करता है, जो उद्योग में रियल एस्टेट एजेंटों के योगदान के लिए उचित मान्यता की अपनी खोज में अटूट रहा है। निरंतर वकालत और सहयोग के माध्यम से, एस. आर. ओ. ने यह सुनिश्चित करने के लिए काम किया है कि एजेंटों को न केवल बिचौलियों के रूप में, बल्कि अचल संपत्ति पारिस्थितिकी तंत्र में अभिन्न खिलाड़ियों के रूप में स्वीकार किया जाए। उनके प्रयासों ने बाजार में पारदर्शिता और निष्पक्षता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से इस महत्वपूर्ण नियामक बदलाव का मार्ग प्रशस्त किया है। महारेरा के अध्यक्ष के रूप में मनोज सौनिक की भागीदारी ने इस लंबे समय से प्रतीक्षित सुधार को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। अचल संपत्ति क्षेत्र के लिए सकारात्मक बदलाव लाने के लिए उनके नेतृत्व और प्रतिबद्धता ने खंड 15ए के कार्यान्वयन को गति दी, जिससे संपत्ति लेनदेन में एजेंटों की भूमिका को औपचारिक बनाने की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरा किया गया। समर्पित वकालत और निर्णायक नेतृत्व के इस संयोजन के परिणामस्वरूप उद्योग के लिए एक बहुत ही आवश्यक सफलता मिली है, जिससे एजेंटों, प्रवर्तकों और उपभोक्ताओं को समान रूप से लाभ हुआ है।

## ओमरॉन हेल्थकेयर ने रेस्पिरेटरी मैनेजमेंट के लिए नेबुलाइज़र के उपयोग की सलाह दी



पटना। त्यौहारों के मौसम के साथ ही सर्दियों का आगमन भी शुरू हो चुका है और धुंध, पार्टिकुलेट मैटर में वृद्धि और तापमान में गिरावट की वजह से संक्रमण बढ़ने का सबसे ज्यादा खतरा रहता है। इन कारणों से अक्सर रेस्पिरेटरी सिस्टम में कई समस्याएं आ जाती है। इन समस्यों से बचने के लिए लोगों को अपने स्वास्थ्य की रक्षा के लिए सही उपाय का उपयोग करना जरुरी हो जाता है। इन बातों को ध्यान में रखते हुए ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया रेस्पिरेटरी सिस्टम को स्वस्थ रखने के लिए लोगों को जागरूक कर रहा है। त्यौहारी मौसम में ऐसे उत्सव मनाए जाते हैं जो वायु प्रदूषण को बढ़ाते हैं। इससे अस्थमा, ब्रोंकाइटिस और क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (सीओपीडी) जैसी रेस्पिरेटरी संबंधित परेशानिया बढ़ जाती हैं। त्यौहारी प्रभाव के साथ-साथ, कुछ अध्ययनों जैसे कि सीजनल वेव्स ऑफ रेस्पिरेटरी डिसऑर्डर्स स्टडी 2022 ने महत्वपूर्ण मौसमी रुझान दिखाए हैं। अध्ययन से पता चलता है कि अस्थमा के मामले गर्मियों में 26.5% से ठंड में बढ़कर 31.4% हो जाते हैं, जबकि सीओपीडी के मामले गर्मियों में 8.1% से बढ़कर सर्दियों में 21.1% हो जाते हैं। इसके अलावा, रेस्पिरेटरी ट्रैक्ट इन्फेक्शन्स (आरटीआई) और तपेदिक भी महत्वपूर्ण मौसमी रुझान दिखाते हैं, आरटीआई गर्मियों में 4.3% से बढ़कर सर्दियों में 13.3% हो जाते हैं, और तपेदिक के मामले गर्मियों में 4.1% से बढ़कर ठंड में 12.5% ??हो जाते हैं। बिहार राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के आंकड़ों के अनुसार, बिहार में एक्यूट रेस्पिरेटरी इलनेस (एआरआई) के मामले 2009 में 2 लाख से बढ़कर 2018 में लगभग 11 लाख हो गए हैं, लेकिन बीच में इसमें गिरावट आई है। लगातार बदलते मौसम और तापमान में उतार-चढ़ाव के साथ, इस क्षेत्र में फ्लू, श्वसन पथ के संक्रमण, अस्थमा, स्ट्रोक और त्वचा संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न बीमारियों में तेजी देखी जा रही है। ओमरॉन हेल्थकेयर इंडिया के प्रबंध निदेशक तेत्सुया यामाडा कहते हैं, गंभीर वायु प्रदूषण और अन्य कारकों के कारण, लगभग 70 मिलियन लोग श्वसन रोगों से पीड़ित हैं।

## आईटीसी सनफीस्ट फैंटास्टिक ने पहले 4डी कोटेड वेफर बार के लांच की




**मुंबई। आईटीसी** सनफीस्ट फैंटैस्टिक! ने इस श्रेणी में पहला उत्पाद सनफीस्ट फैंटैस्टिक! 4डी कोटेड वेफर लॉन्च करने की घोषणा की है। कोटेड वेफर-स्नेकिंग अनुभव को बेहतर बनाने के लिए खास तैयार किए गए, सनफीस्ट फैंटैस्टिक! 4डी बार में कुरकुरे वेफर, सॉफ्ट कैरेमल, मिल्क चॉको और रोस्टेड पीनट के चार अनोखे लेयर्स का मिश्रण है, जो इसे श्रेणी में अपने प्रकार का पहला उत्पाद बनाता है। ब्रांड ने ॠील्ल` के आइकन सिद्धांत चतुर्वेदी और लोकप्रिय साउथ इंडियन अभिनेत्री श्रीलीला को ब्रांड एंबेसडर के रूप में साइन किया है। यह अभिनव उत्पाद उन ॠील्ल` उपभोक्ताओं को ध्यान में रखकर बनाया गया है, जो रोमांच चाहते हैं और अपने स्नैकिंग विकल्पों में अनोखे और नए अनुभवों की तलाश कर रहे हैं। 4डी बार हर बाइट में भरपूर फ्लेवर का अनुभव देता है, जो इसे देश भर के चॉको प्रेमियों के लिए एक बेहद स्वादिष्ट स्नैक बनाता है। पिछले कुछ वर्षों में, फैंटैस्टिक! ब्रांड ने एक मजबूत उपभोक्ता फ्रैंचाइज प्राप्त करके, प्रतिस्पर्धी उद्योग में उल्लेखनीय प्रगति की है। नए ब्रांड एंबेसडर्स, सिद्धांत चतुर्वेदी और श्रीलीला के साथ, ळश्ळ का नेतृत्व करते हुए, फैंटैस्टिक! अपनी स्थिति को और मजबूत करने के लिए पूरी तरह तैयार है। सनफीस्ट फैंटैस्टिक! 4डी कोटेड वेफर्स सेगमेंट में एक मजबूत प्रभाव बनाने के लिए आईटीसी की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। नए उत्पाद लॉन्च के साथ ही, सनफीस्ट फैंटैस्टिक! ने अपना नवीनतम ळश्ळ - #फ्रंरीळीइ१ अभियान भी लॉन्च किया है, जिसमें सिद्धांत चतुवेर्दी और श्रीलीला शामिल हैं। ळश्ळ ने सनफिस्ट फैंटैस्टिक! 4डी को परिपूर्ण भोग के रूप में पेश करने के लिए एक बेहतरीन तरीका अपनाया है, कि ये अपने स्वादिष्ट और विशिष्ट लेयर्स के माध्यम से खुद के लिए बहुत कुछ बोलता है। सनफीस्ट फैंटैस्टिक! 4डी के साथ जुड़ने पर टिप्पणी करते हुए सिद्धांत चतुर्वेदी ने कहा, मैं सनफीस्ट फैंटैस्टिक! 4डी का ब्रांड एंबेसडर बनकर वाकई बहुत खुश हूँ। यह एक मजेदार और अनोखा उत्पाद है जो स्वाद की कई लेयर्स को एक साथ लाता है। मुझे यह बात पसंद है कि यह कोटेड वेफर स्नेकिंग श्रेणी में सीमाओं को कैसे आगे बढ़ाता है, और मैं ये देखने के लिए बहुत उत्साहित हूँ कि, हर कोई इसे आजमाए और अनुभव का आनंद ले।

## ए. एन. कॉलेज में हुआ रजत जयंती कार्यक्रम का आयोजन



पटना (उत्तरशक्ति)। राजधानी पटना के ए. एन. कॉलेज में शनिवार को बीसीए विभाग का रजत जयंती कार्यक्रम महाविद्यालय अवस्थित सत्येन्द्र नारायण सिन्हा सभागार में मनाया गया। इस कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर मुख्य अतिथि पटना विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. के. सी. सिन्हा, वशिष्ठ अतिथि ठक्रएछक्ळ बिहार-झारखंड के कार्यकारी निदेशक नितिन कुमार पुरी, कॉलेज के प्राचार्य प्रो. प्रवीण कुमार, चीफ प्रॉक्टर शबनम ठाकुर, हिन्दी के विभागाध्यक्ष डॉ कलानाथ मिश्रा, एमबीए की विभागाध्यक्षा डॉ रत्ना अमृत तथा बीसीए के विभागाध्यक्ष मनीष कुमार ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि के सी सिन्हा ने विभाग के छात्रों तथा शिक्षकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि ए. एन. कॉलेज के बच्चों ने रजत जयंती पर महाविद्यालय को रक्षक एप्प का उपहार दिया है। उन्होंने कहा कि बच्चों को अब शिक्षा के साथ साथ नूतन तकनीकों पर भी काम करना चाहिए। वशिष्ठ अतिथि ठक्रएछक्ळ के कार्यकारी निदेशक नितिन पुरी ने बच्चों को प्रोत्साहित करते हुए आगे भी महाविद्यालय का नाम रौशन करने को कहा। वहीं प्राचार्य डॉ प्रवीण कुमार ने कहाकि हमारे बच्चे हमारा गर्व है। रक्षक एप्प को लॉन्च करते हुए मुझे अत्यंत सुख का अनुभव हो रहा है।कार्यक्रम में मंच संचालन वरीय प्राध्यापक सुनील कुमार सिंह ने किया। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक प्रमोद कुमार सिंह, अनिल कुमार सिंह, पुष्कर, दिलीप कुमार, ऋषि कुमार, विवेकानंद तिवारी, रमाकांत सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

## आदित्य बिरला ग्रुप के इंद्रिया ने मुंबई में अपने दूसरे स्टोर के शुभारंभ के साथ अपनी मौजूदगी का विस्तार किया




**मुंबई(उत्तरशक्ति)।** आदित्य बिरला ग्रुप के ज्वेलरी ब्रांड, इंद्रिया ने आज मुंबई में अपने दूसरे स्टोर का उद्घाटन किया। जुलाई के महीने में लॉन्च के बाद से अब तक इस ब्रांड के 10 स्टोर्स का शुभारंभ किया जा चुका है– जिनमें से दिल्ली में तीन स्टोर्स, मुंबई एवं पुणे में दो स्टोर्स तथा इंदौर, अहमदाबाद और जयपुर में एक-एक स्टोर मौजूद हैं। मुंबई के आर-सिटी में इस नए स्टोर की शुरूआत के साथ, यह ग्रुप अपनी जबरदस्त ब्रांड इक्विटी और बाजार की गहरी समझ का लाभ उठाते हुए ग्राहकों के लिए अपने पोर्टफोलियो को और मजबूत बना रहा है।

मुंबई भारत की आर्थिक राजधानी है और जबरदस्त चहल-पहल वाले इस शहर को अपने जिंदादिल आभूषण बाजार के लिए जाना जाता है। यह शहर देश के सर्वाधिक संभावनाओं वाले क्षेत्रों में से एक है, जो इंद्रिया को यहाँ के विविधतापूर्ण और समृद्ध ग्राहकों के साथ जुड़ने का बेमिसाल अवसर प्रदान करता है। आदित्य बिरला समूह के अध्यक्ष,कुमार मंगलम बिरला ने जुलाई में इंद्रिया को लॉन्च किया, और अगले 5 सालों में इस ब्रांड को भारत के तीन सबसे बड़े ज्वैलरी रिटेलर्स के बीच स्थान दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। 5,000 करोड़ रुपये के अभूतपूर्व निवेश के साथ इस महत्वाकांक्षी उद्यम को शुरू किया गया है, जो भारत में रिटेल ज्वैलरी कारोबार के क्षेत्र में बड़े पैमाने पर बदलाव लाने के लिए आदित्य बिरला समूह के अटल इरादे को दशार्ता है।

ब्रांड का नाम इंद्रिया संस्कृत का एक शब्द है, और यह भाषा सही मायने में भारत की समृद्ध संस्कृति का दूसरा स्वरुप है। सरल शब्दों में कहें, तो इंद्रिया हमारे शरीर की पाँच इन्द्रियों की क्षमता और शक्ति को दशार्ती है। ये इन्द्रियाँ ही हमें हर चीज का एहसास कराती हैं, हमें अपने आस-पास की दुनिया को महसूस करने और जानने में मदद करती हैं, हमारे वजूद को परिभाषित करती हैं! इस ब्रांड का खूबसूरत प्रतीक चिन्ह एक मृगा (मादा हिरण) है, जिसकी तुलना इन्द्रियों से की गई है और यह एक नारी के सौंदर्य एवं शालीनता का प्रतीक है। ब्रांड का अनुभव आपकी इन्द्रियों को एक से अधिक तरीकों से आनंदित करेगा और आपको ₹दिल अभी भरा नहीं₹ गाने पर मजबूर कर देगा। यह इस समझ पर आधारित है कि, हरेक आभूषण कारीगरी की एक बेमिसाल कहानी बयां करता है। बेहद खास प्रोडक्ट्स, ग्राहकों को मिलने वाला शानदार अनुभव और तल्लीन होकर खरीदारी करने का सफर अंत में गहनों के जरिये अपनी भावनाओं को जाहिर करने में सहायक होते हैं।

## रस लक्जरी स्किनकेयर ने अपना फ्लैगशिप शोरूम नवी मुंबई में खोला



नवी मुंबई। भारत की प्रीमियम लक्जरी स्किनकेयर निमार्ता कंपनी-ब्रांड रस लक्जरी स्किन केयर ने अपनी स्किनकेयर की मुख्य शाखा नवी मुंबई के नेक्सस सीवुड माल में शुरू की। कंपनी के विस्तार की योजना ग्राहकों से मिले अपार प्रेम के कारण हुई है और कंपनी ने भी अपने उच्च गुणवत्ता वाले लक्जरी स्किनकेयर उत्पादों में पारदर्शिता, शुद्धता और सस्टेनिबिलीटी बरकरार रखी है। कंपनी के 405 वर्ग फीट एरिया में फैले इस नए शोरूम में ग्राहकों को रस लक्जरी स्किनकेयर के सभी उत्पाद उपलब्ध रहेंगे। रस स्किनकेयर भारत की पहली ऐसी कंपनी है जो फार्म-टू-फेस के सिद्धांत पर चलते हुए उत्पाद की एक-एक बारीकी पर नजर रखती है, यानि उत्पाद बनाते समय वनस्पति से लेकर अंतिम उत्पाद तैयार होने तक एक-एक चीज नजर में रखी जाती है। सभी उत्पादों को कड़े स्टैंडर्ड से होकर जांचा परखा जाता है, ताकि वह ग्राहकों के साथ-साथ पूरे पर्यावरण के लिए भी सुरक्षित रहे। भारत के पहले फार्म टू फेस लक्जरी स्किन केयर ब्रांड, रस लक्जरी स्किनकेयर ने अपना फ्लैगशिप शोरूम लांच किया। रस लक्जरी स्किन केयर की संस्थापक और सीईओ श्रीमती शुभिका जैन का कहना है, इस नए फ्लैगशिप स्टोर को लेकर हम काफी उत्साहित हैं, हमारा ध्येय और फिलासफी है कि सारे उत्पाद फार्म टू फेस वाले हों, जिसमें ग्राहकों को एक अलग तरह का अनुभव हो, यही इस ब्रांड का उद्देश्य है। यह स्टोर सिर्फ हमारे ग्रोथ को नहीं बताता है बल्कि यह भी दिखाता है कि हम ऐसे उत्पाद बनाने के लिए समर्पित हैं जिसके अच्छे परिणाम हों। यह परिणाम सिर्फ ज्यादा प्राकृतिक और वैज्ञानिक तकनीकी से ही हासिल होते हैं जिसकी हम हमेशा से कोशिश करते आए हैं।

## विदेशी धरती पर जौनपुर की बेटी वैष्णवी सिंह ने किया नाम रोशन



**जौनपुर(उत्तरशक्ति)।** एशियाई देश येरीवन आर्मेनिया में 16 से 23 अक्टूबर तक कूड़ो की अंतरराष्ट्रीय यूरोप एशिया चैंपियनशिप प्रतियोगिता हुई। भारतीय दल को वैष्णवी सिंह असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक पर कब्जा किया। जापान व रसिया के खिलाड़ियों को शिकस्त दी। भारत के हेड कोच एवं कूड़ो एशिया के महासचिव हान्शी मेहूल वोरा के नेतृत्व में भारतीय दल अर्मेनिया गया था। अंतरराष्ट्रीय कूड़ो जगत में वैष्णवी ने भारत के लिए मेडल लाकर अपने राज्य उत्तर प्रदेश व जिला जौनपुर का नाम रोशन किया। कूड़ो एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष मो. एजाज खान व सेक्रेटरी विजय कसेरा के निर्देशन में कु. वैष्णवी कुडो का प्रशिक्षण ले रही है। उल्लेखनीय है कि कूड़ो मार्शल आर्ट को राष्ट्रीय खेल के रूप में भारत सरकार की मान्यता प्राप्त है। वैष्णवी जौनपुर जिले की नाहरमऊ टिकरा गांव की निवासी है। इस मेडल का श्रेय को अपने कोच मोहम्मद एजाज खान व विजय कसेरा एवं अपने पिता संजय सिंह को देती हैं। वैष्णवी सेकंडडेन ब्लैक बेल्ट है। 5 इंटरनेशनल एवं पिछले 10 साल से नेशनल चैंपियन है। वैष्णवी की शानदार जीत पर राष्ट्रीय कूड़ो संघ के चेयरमैन एवं बॉलीवुड स्टार अक्षय कुमार, फिल्म जगत के जॉन अब्राहम, भारत के हेड कोच हान्शी मेहूल वोरा ने एवं कई खेल व फिल्म जगत की हस्तियों ने वैष्णवी को एवं भारतीय दल को शुभकानाएं दी।

## ग्रामीण विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल में सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता आयोजित

### पावशा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के संचालक ने बताया पौधो का महत्व



बहादुरगढ़। ग्रामीण विकास (G.V.) सीनियर सेकेंडरी स्कूल निजामपुर रोड लाइन पार बहादुरगढ़ में प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जहां पावशा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन संचालक पवन प्रजापति ने बच्चो को पौधे वितरित किए और जीवन में पौधो के महत्व तथा स्मार्टफोन से होने वाले नुक्सान के बारे में बताया । एक पेड़ अपने नाम अभियान में स्कूल टीचर और विद्यार्थी भी शामिल रहे। यह प्रतियोगिता ग्रामीण विकास सीनियर सेकेंडरी स्कूल निजामपुर रोड बहादुरगढ़ में हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल डायरेक्टर वेद प्रकाश और प्रिंसिपल श्रीमती कुसुमलता ने दीप प्रज्वलित कर की प्रतियोगिता में लगभग 200 बच्चों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में पहले स्थान पर शैली, दूसरे स्थान पर राधे तथा तीसरे स्थान पर समीक्षा विजेता रहे। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य बच्चो को फोन से दूरी बनाकर किताबों की तरफ आकर्षित करना था। जिससे बच्चे दिमागी और शारीरिक रूप से स्वस्थ रहे। स्कूल संचालिका श्रीमती कुसुमलता ने सभी अतिथियों के साथ बैठक कर बच्चो के लिए सामान्य ज्ञान एवं पर्यावरण संरक्षण पर चर्चा की। बच्चो ने भी भविष्य में अपने जन्मदिन पर कम से कम एक पौधा लगाने और उसे संभालने का वादा किया। कार्यक्रम की सफलता पूर्वक समापन होने पर आयोजक संस्था का धन्यवाद किया।

कार्यक्रम में मंच संचालन मल्टी टैलेंटेड सुरेन्द्र पाल शर्मा के नेतृत्व में खुशी ने किया। प्रतियोगिता का निष्कर्ष न्यायाधीश नवकृति अबेकस वैदिक मैथ्स की संचालिका कीर्ति चुग और प्रिंसिपल कुसुमलता ने किया। अतिथिगण में सुरेंद्र पाल शर्मा,अबेकस अध्यापिका ऊषा, मोहित कुमार, पावशा ह्यूमैनिटी फाउंडेशन संचालक पवन प्रजापति, वॉयस ऑफ बहादुरगढ़ न्यूज पत्रिका संचालक सचिन गुप्ता उपस्थित रहे।

## MEIL फाउंडेशन का तेलंगाना की यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी को 200 करोड़ रुपये का योगदान



**मुंबई।** मौजूदा दौर में रोजगार के लिए पारंपरिक शिक्षा के साथ-साथ कौशल विकास भी बेहद जरूरी है। इस लिये तेलंगाना सरकार ने यंग इंडिया स्किल यूनिवर्सिटी स्थापीत करके बड़ा कदम उठाया है । यह योजना मेघा इंजीनियरिंग एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड (एमईआईएल) की सामाजिक जिम्मेदारी शाखा एमईआईएल फाउंडेशन के तहत कार्यान्वित की जा रही है। MEIL फाउंडेशन हैदराबाद में यंग इंडिया स्किल्स यूनिवर्सिटी (YISU) की स्थापना के लिए 200 करोड़ रुपये का योगदान देगा। तेलंगाना सरकार के साथ साझेदारी में विकसित यह विश्वविद्यालय युवाओं को कौशल और उद्यमिता में उन्नत प्रशिक्षण प्रदान करेगा। आज इस समझोते पर हस्ताक्षर किये गये। इस समय मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी और एमईआईएल के प्रबंध निदेशक कृष्णा रेड्डी उपस्थित थे। विश्वविद्यालय हैदराबाद के पास मीर खान पेटा में 57 एकड़ की विशाल जगह पर बनाया जा रहा है। वाईआईएसयू परिसर में प्रमुख सुविधाओं में शैक्षणिक, प्रशासनिक भवन, पुस्तकालय और कंप्यूटर कार्यशाला, प्रयोगशालाएं, छात्र और प्रोफेसर निवास, गेस्ट हाउस और वीसी, रजिस्ट्रार निवास, 700 क्षमता वाला सभागार और सम्मेलन कक्ष आदि शामिल हैं।

## आयोजित हुआ संस्कृत शिक्षक सम्मेलन



**झुंझुनू (उत्तरशक्ति)।** राजस्थान संस्कृत शिक्षा विभागीय शिक्षक संघ जिला इकाई झुंझुनू का प्रथम जिला सम्मेलन राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय चिड़ावा में सम्पन्न हुआ। यह कार्यक्रम जिलाध्यक्ष जगदीश प्रसाद सैनी की अध्यक्षता, सीकर संभाग अध्यक्ष अनिल भारद्वाज के मुख्यातिथ्य, प्रधानाचार्य डॉ वेद प्रकाश सैनी, प्रधानाचार्य श्रीमती आशा सैनी, संगठन के सभाध्यक्ष राकेश शर्मा के विशिष्टातिथ्य में आयोजित किया गया। संस्कृत शिक्षा में नामांकन वृद्धि, विद्यालयों की क्रमोन्नति तथा कर्मचारियों की पदोन्नति पर विचार विमर्श किया गया। इस सम्मेलन में सर्वसम्मति से संतोष कौशिक को पिलानी ब्लॉक अध्यक्ष, राम प्रकाश को सूरजगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष, राजेंद्र झाझडिया को चिड़ावा ब्लॉक अध्यक्ष, प्रमोद कुमार शर्मा को झुंझुनू ब्लॉक अध्यक्ष, सुरेंद्र कुमार बरवाड़ को नवलगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किया गया। सम्मेलन में अभय सिंह, अमित कुमार शर्मा, सुरेंद्र कुमार सहित अनेक आहरण वितरण अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान श्रवण कुमार शर्मा, शहाबुद्दीन मणियार, पूरणमल सैनी, बजरंग लाल शर्मा, अम्मीलाल ढाका, रामावतार मीना, ओम प्रकाश डीग्रवाल, सुभाष चंद्र बेनीवाल, मनीराम, मधुसूदन, रामस्वरूप मीणा, रविंद्र पचर, हंसराज, जगदीश प्रसाद, सुरेंद्र कुमार शर्मा, भूलेंद्र सिंह, विजय सिंह, शेखावत, ब्रह्मानंद शर्मा, सतीश चंद्र सुईवाल, मोतीलाल सैनी, श्रवण कुमार सैनी, रवि कुमार सैन, शिवराम सैनी, रोहिताश कुमावत, श्यामसुंदर शर्मा, नरेश कुमार मीणा, बने सिंह, समर सिंह, सुरेश कुमार, मनोहर लाल, देवी लाल, दाधीच, यशवंत शास्त्री , सविता, कविया अनीता, सुभिता, मंजू , अंबिका, महमिया, अनीता शर्मा सहित अनेक मातृ शक्ति सम्मेलन में उपस्थिति रही। संचालन आशुकवि संतोष कौशिक ने किया।